दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-88 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 12 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## क्रूज जहाज पर फैला हंटावायरस, 2 भारतीय क्वारंटीन

### दहशत के बीच भारत में हाई अलर्ट और 165 लैब एक्टिव

नई दिल्ली (ए.)। एमवी होडियंस क्रूज जहाज पर खतरनाक हंटावायरसके आउटब्रेक और इससे हुई मौतों के बाद दुनियाभर में दहशत का माहौल है। इस जानलेवा खतरे को देखते हुए कई देश अलर्ट मोड पर आ गए हैं। इस क्रूज पर भारतीय नागरिकों के सवार होने के चलते भारत सरकार ने भी एहतियात के तौर पर अपनी हाई-लेवल बायोसर्विलांस प्रणाली को तुरंत प्रभाव से एक्टिव कर दिया है, ताकि यह खतरनाक वायरस देश में एंट्री न कर सके। स्पेन में स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है कि जहाज पर मौजूद दो भारतीय नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नीदरलैंड्स भेजकर क्वारंटीन कर दिया गया है।




**45 दिनों तक कड़ी निगरानी में रहेंगे दोनों भारतीय**

राहत की बात यह है कि फिलहाल नीदरलैंड्स में क्वारंटीन किए गए दोनों भारतीय नागरिकों में इस वायरस के कोई लक्षण नजर नहीं आए हैं। हालांकि, संक्रमण के खतरे को पूरी तरह से टालने के लिए उन्हें पूरे 45 दिनों तक कड़ी मेडिकल निगरानी में रखा जाएगा। हंटावायरस मुख्य रूप से संक्रमित चूहों के मल-मूत्र के सीधे संपर्क में आने से इंसानों में फैलता है। आमतौर पर इसका इंसानों से इंसानों में ट्रांसमिशन नहीं होता है, लेकिन वैज्ञानिकों की सबसे बड़ी चिंता इसके 'एंडीज स्ट्रेन' (Andes strain) को लेकर है। यह घातक स्ट्रेन एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलने की क्षमता रखता है। इसी गंभीर खतरे को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने दुनिया भर के कई देशों को अलर्ट जारी किया है।

***ICMR ने तैयार किया 165 लैब्स का मजबूत 'वायरल शील्ड'***

भारत में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) भी इस वायरस की हर हलचल पर पैनी नजर रखे हुए है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आईसीएमआर ने देशभर में मौजूद अपने 165 वायरस रिसर्च और डायग्नोस्टिक लैब्स को पूरी तरह से एक्टिव कर दिया है। इन लैब्स में हंटावायरस के संदिग्ध मरीजों के सैंपलों की तुरंत जांच की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने यह बड़ा कदम इसलिए उठाया है ताकि विदेश से आने वाले किसी भी यात्री में अगर वायरस के लक्षण दिखें, तो उसकी जांच में बिल्कुल देरी न हो और समय रहते उसे निगरानी में रखकर सही इलाज दिया जा सके।कोरोना महामारी की तर्ज पर ही हंटावायरस का पता लगाने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग आरटी-पीसीआर (RT-PCR) टेस्ट का ही सहारा लेगा। इस प्रक्रिया में मरीज के सैंपल से वायरल आरएनए निकालकर उसे डीएनए में बदला जाता है, जिससे मशीन रियल टाइम में वायरस की सटीक मौजूदगी पकड़ लेती है।

## चुनाव बाद हिंसा पर बंगाल सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस हैः शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता,(आरएनएस)। राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव के बाद होने वाली हिंसा पर कड़ा रुख अपनाते हुए जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्देश दिया है। नवान्न में आयोजित उच्चस्तरीय प्रशासनिक समीक्षा बैठक में उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया। बैठक में मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला, गृह सचिव संघमित्रा घोष, राज्य पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और कोलकाता पुलिस के आयुक्त अजय नंद मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, राज्य के समग्र विकास को गति देने के लिए भी जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया गया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई सरकार पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनीतिक बदलाव के बाद की स्थिति में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखना और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 1983 के क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव ने मुख्यमंत्री निवास में पुष्प-गुच्छ भेंट किया।

## रेल मंत्री बोले, फ्लाइट को पीछे छोड़ देगी भारतीय रेल, दिल्ली से लखनऊ पहुंचेंगे मात्र दो घंटे में

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को एयरलाइन निवेशकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भारत का आगामी हाई-स्पीड रेल नेटवर्क, कई व्यस्त शॉट डिस्टेंस मार्गों पर पूरी तरह हावी हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इसकी वजह से एयरलाइनों के लिए प्रतिस्पर्धा करने की गुंजाइश बहुत कम रह जाएगी. सीआईआई बिजनेस समिट में बोलते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि मुंबई-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु और बेंगलुरु-चेन्नई जैसे मार्गों पर विमानन क्षेत्र की वृद्धि पर दांव लगाने वाले निवेशकों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि हाई-स्पीड रेल ने जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में यात्रा के तरीकों को किस प्रकार बदल दिया है. वैष्णव ने कहा, इन मार्गों पर कोई भी हवाई यात्रा नहीं करेगा.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपने बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया था. यह परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है. मंत्री ने साथ ही कहा कि ट्रेन सेवाएं आने वाले समय में देश के कई मार्गों पर उड़ानों से आगे निकल जाएंगी।



## सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू कानून को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिंदू मैरिज एक्ट के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया. यह प्रावधान पति के खिलाफ मेंटेनेंस डिक्री के बाद एक साल या उससे ज़्यादा समय तक साथ रहना फिर से शुरू न होने पर सिर्फ पत्नी को तलाक मांगने का अधिकार देता है।



यह मामला सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया. बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे जनहित याचिका (पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन) के जरिए निजी दुश्मनी न निकालें. सीजेआई ने जनहित याचिका पर सुनवाई करने से मना करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि आप सिर्फ रखरखाव कार्यवाही करने के लिए कानून की पढ़ाई नहीं कर रहे हैं.बेंच कानूनी छात्रा जितेंद्र सिंह की दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो खुद पेश हुए और हिंदू मैरिज एक्ट के तहत तलाक प्रावधान की जेंडर-न्यूट्रल व्याख्या की मांग की.हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 का सेक्शन 13(2)(3),सिर्फ पत्नी को तलाक मांगने का अधिकार देता है. अगर पति के खिलाफ मेंटेनेंस डिक्री के बाद एक साल या उससे ज्यादा समय तक साथ रहना फिर से शुरू न हुआ हो.सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इस प्रावधान से वह निजी तौर पर कैसे प्रभावित हुआ है. सीजेआई ने पूछा, आप पर क्या असर हुआ है... क्या आपको लगता है कि आप पूरे पुरुष लिंग समूह का नेतृत्व करते हैं.याचिकाकर्ता ने कहा कि वह पिछले सात-आठ साल से शादी के मुकदमों में शामिल रहा है. उसने जोर देकर कहा कि यह प्रावधान जेंडर-न्यूट्रल होना चाहिए और सभी के लिए बराबर होना चाहिए. बेंच ने कहा, आप इस जनहित याचिका के जरिए निजी बदला लेना चाहते हैं।

## शांत रहने और घबराहट से बचने की राजनाथ सिंह की अपील

### पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच मंत्रियों की हुई बड़ी बैठक

नईदिल्ली,(आरएनएस)। ईरान, अमेरिका और इजरायल युद्ध का असर अब भारत पर दिखने लगा है। इसको लेकर अब भारत सरकार अलर्ट मोड पर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और जरूरी वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता की समीक्षा को लेकर आज मंत्रियों के समूह की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में देश में आवश्यक वस्तुओं और ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित जोखिमों का आकलन किया गया।इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय काम कर रही है।राजनाथ सिंह ने कहा, मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमी या रुकावटों को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है।



## राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमलाः कहा-'जनता से कुर्बानी मांगना सरकार की नाकामी का सबूत'

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी आर्थिक और नीतिगत विफलताओं का बोझ आम जनता पर डाल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में जनता से सोना न खरीदने, विदेश यात्रा कम करने, पेट्रोल कम इस्तेमाल करने, फर्टिलाइजर और कुकिंग ऑयल की खपत घटाने, मेट्रो से यात्रा करने और घर से काम करने जैसी अपीलें कीं। कांग्रेस नेता ने इन सलाहों को उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत बताया। उन्होंने कहा, 12 साल में देश को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया गया है कि अब जनता को बताया जा रहा है कि क्या खरीदना है, क्या नहीं खरीदना है, कहां जाना है और कहां नहीं जाना है।राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हर संकट और समस्या की जिम्मेदारी सरकार जनता पर डाल देती है ताकि खुद जवाबदेही से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि देश चलाना अब समझौता करने वाले प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं रह गई है।






## सीएम सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या के मामले में यूपी-बिहार से तीन आरोपी गिरफ्तार



कोलकाता,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने सीएम सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी यूपी के बलिया और दो बिहार के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार मामले की जांच कर रही एसआईटी गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को रात में ही कोलकाता लाई और सोमवार को इनकी पेशी बारासात कोर्ट में हो सकती है। मामले की जांच कर रही एसआईटी के अनुसार दो आरोपी बिहार के रहने वाले है जिनका नाम मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य है। इसके साथ ही एक आरोपी बलिया का है और उसका नाम राज सिंह बताया जा रहा है। वहीं, मामले की जांच कर रही एसआईटी ने उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनसे गहन पूछताछ की जा रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि पूछताछ से हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हो सकता है।चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में आरोपी इन लोगों को तब पकड़ा गया जब आरोपियों में से एक ने टोल प्लाजा पर यूपीआई के जरिए ऑनलाइन पेमेंट किया था। इससे पुलिस को उसकी लोकेशन का पता लगाने में मदद मिली। गिरफ्तार किए गए लोगों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है और पुलिस हत्या में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी जुटा रही है।बता दें कि 6 मई को चंद्रनाथ रथ को गोली मार दी गई थी। गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पास के डायवर्सिटी नर्सिंग होम ले जाया गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## फुजैराह बंदरगाह से भारतीयों को निकालने की खबर झूठी, विदेश मंत्रालय ने दावे को बताया फर्जी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत के विदेश मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फुजैराह बंदरगाह के जरिए भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए किसी समझौते पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने इन दावों को झूठा और निराधार बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंत्रालय के फैक्ट चेक यूनिट ने इसे फेक न्यूज करार देते हुए कहा कि ऐसी किसी भी योजना का कोई आधार नहीं है और न ही किसी को निकालने की तैयारी की जा रही है।मंत्रालय ने जनता से ऐसी अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। दरअसल, एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि भारत और यूएई एक समझौते की तैयारी कर रहे हैं जिससे फुजैराह बंदरगाह के जरिए लाखों भारतीय कामगारों को सुरक्षित निकाला जा सके।

## देशभर की अदालतों का डेटा अब एक ही जगह होगा उपलब्ध, सीजेआई सूर्यकांत ने शुरु की वन केस वन डेटा पहल

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने सोमवार को एक बड़ी डिजिटल पहल की घोषणा की, जिसका मकसद न्यायिक डेटा एकीकरण को मजबूत करना और देश भर में अदालती सेवाओं तक आम जनता की पहुंच में सुधार करना है।



दिन की कार्यवाही शुरू होने पर यह ऐलान करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका वन केस वन डेटा (One Case One Data) पहल शुरू कर रही है। यह प्रणाली सभी उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों और तालुका न्यायालयों की बहु-स्तरीय सूचनाओं को एक एकीकृत तंत्र में जोड़ेगी।

CJI ने कहा, हम सभी उच्च न्यायालयों, जिला और तालुका न्यायालयों के बहुस्तरीय विवरणों को शामिल करते हुए वन केस वन डाटा पहल शुरू कर रहे हैं। हम एक कुशल केस प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैंइसमें देश की सभी निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट तक का डेटा एक ही जगह उपलब्ध होगा। CJI ने कहा, हम एक कुशल केस मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस पहल से अदालतों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान सुगम होगा और मामलों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी।

## नर्मदापुरम पुलिस टीम ने साइबर क्राइम अपराधियों को किया झारखण्ड से गिरफ्तार

### एपीके फाइल भेजकर हथिया लिए थे 03,09,917. रूपए

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम पुलिस टीम ने साइबर क्राइम अपराधियों को झारखण्ड से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि 17 मार्च को फरियादी छोटेलाल कुशवाह पिता हरिसिंह कुशवाह ;उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम डूमर थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम ने अपने बैंक अकाउंट से 'कुल 03,09,917. रूपए' का साइबर फ्रॉड होने की शिकायत पर थाना बनखेड़ी मे अपराध क्रमांक 75,2026 धारा 318;4,318;1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना आरंभ की गई।जिला नर्मदापुरम में लगातार साइबर अपराध मे वृद्धि को देखते हुए अपराध रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिपरिया मोहित कुमार यादव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बनखेड़ी निरीक्षक विजय सनस दवारा टीम गठित की गई।



02 मई 2026 को सेमरी चौकी व उमरधा चौकी साइबर सेल नर्मदापुरम की संयुक्त टीम झारखण्ड के लिए रवाना हुई थी टीम द्वारा आरोपियो के निवास के आसपास लगातार 04 दिन तक भेष हुलिया बदलकर आरोपियों पर नज़र रखी, जिसके फलस्वरूप 07 मई 2026 को देर रात्रि करीब 01 बजे टीम द्वारा साइबर क्रिमिनल के घर पर दबिश देकर आरोपी '1उमेश दास पिता शंकर दास उम्र 30 साल निवासी ग्राम बिल्ली मधुपुर जिला देवघर झारखण्ड 2 उत्तम कुमार दास पिता मनोज कुमार दास उम्र 23 साल निवासी ग्राम गुनियासोल मधुपुर जिला देवघर झारखण्ड' को गिरफ्तार किया। आरोपीयो के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल पासबुक एटीएम जप्त किये गये। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है।

**साइबर अपराध की कार्य प्रणाली**

आरोपीयो द्वारा फरियादी के मोबाइल में एपीके फाइल भेजकर उसके नंबर की ईसिम तैयार की गयी ईसिम के माध्यम से रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट नंबर से कुल 03,09,917. रूपए को अलग अलग बैंक खातों में ट्रांस्सेक्सन किया गया।

**इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका**

निरीक्षक विजय सनस, उनि मनमोहन सिंह ठाकुर उनि विवेक यादव ;सेमरी चौकी प्रभारी आर सेवक अहिरवार ;सेमरी चौकी आर रामाधर आर संदीप आर प्रशांत आर सागर ;साइबर सेल एनआरएस अनिल पटेल की भूमिका सराहनीय रही।



# प्रदेश ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर बनाया परिवार का हिस्सा : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### कूनो नेशनल पार्क के जंगल में विमुक्त किए 2 मादा चीते




कूनों (आरएनएस )। भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर, उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बात उन्होंने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज साइट पर सीसीवी -2, सीसीवी -3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में है।इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, शशांक भूषण, राघवेन्द्र जाट, सुमित सिंघल, शुभम मुदगल, बाबू सिंह यादव, कौशल गोयल आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पीसीसीएफ श्रीमती समिता राजौरा , डीआईजी संजय कुमार जैन, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, डीएफओ कुनो आर थिरूकुराल, सामान्य केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।

## भोपाल के हथाईखेड़ा डेम में मूकबधिर युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के हथाईखेड़ा डेम में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अमित विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो इंदौर में एक होटल में काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय अमित विश्वकर्मा पुत्र शिवरत्न विश्वकर्मा इंदौर के संजीव नगर क्षेत्र का निवासी था। वह बचपन से मूकबधिर था और इंदौर के एक होटल में नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि अमित करीब 15 दिन पहले अपने पिता से मिलने आया था, जिसके बाद वह वापस इंदौर लौट गया था। मृतक के पिता शिवरत्न विश्वकर्मा के अनुसार शनिवार को वीडियो कॉल पर अमित से आखिरी बार बात हुई थी। उस समय वह सामान्य दिखाई दे रहा था और उसने किसी प्रकार की परेशानी का जिक्र नहीं किया था। परिवार का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि अमित भोपाल कब और कैसे पहुंचा। सोमवार सुबह पुलिस ने फोन कर डेम में शव मिलने की सूचना दी। मृतक के पिता ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

## भोपाल के बरखेड़ा पठानी में पानी संकट पर उग्र प्रदर्शन, वार्ड ऑफिस के बाहर फोड़े मटके

### एक महीने से जल संकट से नाराज़ लोगों ने जताया विरोध, नियमित जलापूर्ति की मांग तेज

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश देखने को मिला। नगर निगम वार्ड-56 कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में रहवासियों ने खाली मटके फोड़कर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। यह विरोध प्रदर्शन साकेत नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील प्रजापति के साथ कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में लगातार जलसंकट और अनियमित आपूर्ति को लेकर नाराज़गी जताई और तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सुशील प्रजापति ने कहा कि बरखेड़ा पठानी क्षेत्र के लोग पिछले लगभग एक महीने से गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित पेयजल टंकी में नियमित रूप से पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे लोगों को बेहद कम मात्रा में जल मिल पा रहा है। कई परिवारों को दिनभर में दो बाल्टी पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में हरिराम प्रजापति, दीपक गुप्ता, केबी सिंह, राम बहादुर कुशवाह, आर. भलोट, वीरू लाहारी, ललिता प्रजापति, उपजेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में शीघ्र नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## मेपकास्ट में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का हुआ कार्यक्रम

### विद्यार्थियों ने जाना एआई, रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीकों का महत्व



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विज्ञान, नवाचार एवं आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल के 27 शिक्षण संस्थानों के लगभग 300 विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। मेपकास्ट के कार्यकारी संचालक डॉ. विवेक कटारे ने कहा कि प्रदेश में डीप टेक रिसर्च एवं डिस्कवरी सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवश्यक नई तकनीकों के विकास में सहयोग करेगा। वर्तमान समय में हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ग्रासरूट इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, उद्योगों और स्थानीय समुदायों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खनन, पर्यावरण संरक्षण और कम लागत वाली तकनीकों के विकास में ग्रासरूट टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका है।

## मध्य प्रदेश में 1 जुलाई से लागू होगा विकसित भारत अधिनियम जी राम जी

### - अब साल भर में मिलेगा 125 दिन का रोजगार ग्रामीण आजीविका एवं अधोसंरचनात्म क विकास को मिलेगी गति

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में एक जुलाई 2026 से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरी तरह से लागू हो जाएगा। अधिनियम के लागू होने से अब वर्ष भर में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे न सिर्फ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधोसंरचनात्मक विकास को भी गति मिलेगी।जनसंपर्क अधिकारी शिवम शुक्ल ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं अधोसंरचनात्मक विकास के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 को हाल ही अधिसूचित किया गया है। यह अधिनियम प्रदेश में एक जुलाई 2026 से लागू हो जाएगा। प्रदेश में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ मनरेगा अधिनियम स्वत: ही निरस्त हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन है जो विकसित भारत @ 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित रूप में भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता आधारित ग्रामीण विकास में ढांचागत परिवर्तन कर एक नए युग की शुरुआत करता है।

अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल कार्य करने के इच्छुक हैं उनके लिए एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ आजीविका की सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। अधिनियम के प्रावधानों में श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग करने पर उसे समय सीमा में कार्य उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा उसे श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हक होगा। अधिनियम के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को समय सीमा में प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर-डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक अथवा डाकघर खातों में भुगतान किया जाना अनिवार्य किया गया है।

## मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ने संभाला पदभार

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लिया सेवा का संकल्प

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने पुस्तक भवन, अरेरा हिल्स पहुंचकर विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ अपना पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर सौभाग्य सिंह ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों और सेवा भाव से प्रेरणा लेकर वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।सौभाग्य सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और उपयोगी पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, पारदर्शिता और बेहतर व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, विधायक सिद्धार्थ तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय में मंत्रि-परिषद के निर्णयों की जानकारी दी*

## एनएच पर अवैध मीडियन कट्स करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर श्री मिश्रा

### सभी कार्यालयों को अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली में शिफ्ट करने के निर्देश
### उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश




भोपाल (ए.)। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए भोपाल के आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों पर ढाबों, पेट्रोल पंपों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा बनाए जा रहे अवैध मीडियन कट्स पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी पेट्रोल पंप द्वारा अवैध मीडियन कट्स बनाया जाता है तो उसकी एनओसी निरस्त की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों को शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सुशासन आधारित बनाने हेतु अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस शासन व्यवस्था में जवाबदेही एवं कार्य दक्षता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ई-ऑफिस संचालन में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु सीनियर टेक्निकल ऑफिसर ई-ऑफिस धर्मेन्द्र जैन द्वारा प्रस्तुतीकरण एवं वन-टू-वन चर्चा के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों ने की 40 वर्ष पुराने पावर ट्रांसफार्मर की रिकंडिशनिंग



भोपाल (आरएनएस) । मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) इंदौर के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए लगभग 40 वर्ष पुराने 132/33 के वी के 40 एमवीए क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर का सफलतापूर्वक इन-हाउस रिकंडिशनिंग (क्रियाकल्प) कर उसे पुन: क्रियाशील बना दिया है। रिकंडिशनिंग के उपरांत इस ट्रांसफार्मर को इंदौर के 132 के वी सब स्टेशन इंदौर सिवनी में स्थापित कर पुन: ऊर्जीकृत किया गया। इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिली है।

### ऊर्जा मंत्री ने की सराहना

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों द्वारा साइट पर ही सीमित संसाधनों में इस जटिल तकनीकी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करना उनकी विशेषज्ञता और अनुभव का प्रमाण है।इस तरह के प्रयास प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं।

### अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा के नेतृत्व में इंदौर टीम को मिली है सफलता

इस पुराने ट्रांसफार्मर को पुन: रिकंडीशन कर ऊर्जीकृत करने में इंदौर के अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा का विशेष योगदान रहा। इन्होंने इंदौर की टीम के साथ मिलकर उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इस चुनौती पूर्ण कार्य को अंजाम दिया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

### हर बूंद अमूल्य: डिंडौरी ने जल संरक्षण में लिखा जनभागीदारी का नया अध्याय जनशक्ति, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता से विकसित हुआ अनुकरणीय मॉडल

भोपाल (आरएनएस) । डिंडौरी जिले में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। जनजातीय बाहुल्य डिंडौरी जिले में ग्रामीणों ने जल संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हुए अभिनव प्रयास प्रारंभ किए हैं। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया है कि जिला प्रशासन द्वारा जल चौपाल, जल जागरूकता रैली, कलश यात्रा और नुक्कड़ नाटक जैसे जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने इसे केवल सरकारी अभियान न मानकर अपनी प्राथमिकता और चुनौती के रूप में स्वीकार किया और जनसहभागिता से जल संरक्षण के अनेक नवाचार विकसित किए। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र डिंडौरी जिले में सीमित संसाधनों के बावजूद स्थानीय समुदाय ने जल संरक्षण एवं पौधों के संरक्षण के लिए कम लागत वाला प्रभावी मॉडल विकसित किया। विगत वर्ष VB-G RAM G (मनरेगा योजना) अंतर्गत 700 स्व-सहायता समूह के सदस्यों के यहां एक बगिया मां के नाम योजना के तहत 3,500 फलदार पौधों का रोपण हुआ।

# सीताफल उत्पादन एवं प्रसंस्करण से महिला स्व-सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति में सुधार

### सिवनी जिला आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरा




भोपाल (आरएनएस) । वर्तमान में मांगलिक आयोजनों, विशेषकर विवाह समारोहों में सीताफल से निर्मित व्यंजनों, जैसे सीताफल रबड़ी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इस बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये ऑफ-सीज़न में भी सीताफल पल्प का प्रसंस्करण किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के सिवनी जिला में उत्पादित सीताफल ने स्थानीय स्तर पर महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन का प्रभावी माध्यम स्थापित किया है। पूर्व में आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में जीवन यापन कर रहीं महिलाओं की आय एवं जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

### आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल

सिवनी जिले के वन क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले सीताफल के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन का कार्य वर्तमान में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित किया जा रहा है। छपारा विकासखंड के अंतर्गत खेरमटाकोल (भूतबंधानी) स्थित महादेव ग्राम संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अभिलाषा ने बताया कि समूह से जुड़ने के पश्चात महिलाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध हुआ है। वे सीताफल की पैकिंग एवं विपणन के माध्यम से वार्षिक रूप से उल्लेखनीय आय अर्जित कर रही हैं। उत्पादों का विपणन स्थानीय बाजारों के साथ-साथ राज्य के प्रमुख शहरों एवं छत्तीसगढ़ तक किया जा रहा है। सिवनी जिले में उत्पादित सीताफल की गुणवत्ता एवं स्वाद के कारण इसकी मांग राष्ट्रीय स्तर, विशेषकर महानगरों में भी बढ़ रही है। वन क्षेत्रों में सीताफल पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव का कार्य भी महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है।

### आय के स्थायी स्त्रोत का सृजन

बरोड़ा सिवनी विकासखंड के मां दुर्गा महिला आजीविका ग्राम संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रामप्यारी ने बताया कि सीताफल आधारित गतिविधियों से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा वे प्रतिवर्ष एक से डेढ़ लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं।

### रोजगार सृजन एवं कौशल विकास

आजीविका मिशन के अंतर्गत छपारा विकासखंड में 13 स्व-सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रारंभिक चरण में 200 से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला। समूहों को विपणन, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग के माध्यम से उत्पादों को अन्य राज्यों तक सफलतापूर्वक भेजा जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी ने बताया कि सिवनी का सीताफल प्राकृतिक रूप से अत्यंत स्वादिष्ट एवं मीठा होता है। इस उत्पाद को एक जिला एक उत्पाद योजना में भी शामिल किया गया है, जिससे इसकी ब्रांड पहचान सुदृढ़ हुई है।

### सीताफल पल्प प्रसंस्करण की व्यवस्था

बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए सीताफल के गूदे (पल्प) का प्रसंस्करण एवं संरक्षण किया जा रहा है। जिले में स्थापित दो प्रसंस्करण इकाइयों में पल्प को निम्न तापमान पर संरक्षित कर वर्षभर उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। इससे बड़े आयोजनों एवं बाजार की मांग के अनुरूप निरंतर आपूर्ति संभव हो पाती है।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर सिवनी

एसआरएलएम भोपाल के राज्य परियोजना प्रबंधक (कृषि) मनीष पंवार ने बताया कि सिवनी जिले की महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही हैं। अनुकूल जलवायु के कारण यहां उत्पादित सीताफल की गुणवत्ता उत्कृष्ट है, जिससे इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। सिवनी जिला वर्तमान में आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है।

# बैतूल के डायल 112 हीरोज

## संवेदनशीलता और सतर्कता से भटके मासूम बच्चों को सुरक्षित घर पहुँचाया

बैतूल (आरएनएस) जिले के थाना सारणी क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से परिजनों से बिछड़कर रास्ता भटक गए दो मासूम बच्चों को सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया गया।



समय पर की गई इस कार्रवाई से बच्चों को सुरक्षित संरक्षण मिला और परिजनों की चिंता दूर हो सकी।10 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सारणी क्षेत्र अंतर्गत हरिफाटक के पास दो छोटे बच्चे अकेले मिले हैं, जो अपने घर का रास्ता भटक गए हैं। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही सारणी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल 112 स्टॉफ सैनिक राजेश सिरसाम एवं पायलट कैलाश उइके ने बच्चों को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ में पता चला कि एक बालक लगभग 6 वर्ष एवं दूसरा लगभग 4 वर्ष का है, जो परिजनों से बिछड़ गए थे।डायल-112 जवानों ने बच्चों को एफआरव्ही वाहन में साथ लेकर आसपास क्षेत्र में परिजनों की तलाश प्रारंभ की तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की। लगातार प्रयासों के दौरान बच्चों के परिजनों के परिचित मिले, जिनसे जानकारी प्राप्त कर टीम बच्चों को उनके घर लेकर पहुँची। घर पहुँचने पर बच्चों की माता मिलीं, जिन्हें पहचान एवं सत्यापन उपरांत दोनों बच्चों को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिवार ने राहत महसूस की और डायल-112 सेवा का आभार व्यक्त किया।डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा बच्चों की सुरक्षा और सहायता के लिए हर परिस्थिति में संवेदनशीलता, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

# बस स्टैंड पर बसों में लगी आग, मची घबराहट और अफरातफरी, पार्षद बैठे धरने पर

इन्दौर (ए.) गैस सिलेंडर फटने के जैसे चार धमाकों के साथ तीन इमली बस स्टैंड स्थित पवनपुरी कालोनी की एक वेल्डिंग और बाडी रिपेयरिंग वर्कशाप में खड़ी बस में आग लग गई और तेजी से फैलत उसने तीन चार बसों को और अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि मौके पर करीब बीस से ज्यादा बसे खड़ी थी जिन्हें तुरंत एहतियातन हटवाया गया। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड और थाना पुलिस टीम पहुंची वहीं क्षेत्रीय पार्षद ने भी मौके पर पहुंच घटना को लेकर विरोध दर्ज कराते धरना दें दिया। घटनास्थल पर पहुंचे पार्षद मनीष शर्मा का कहना है कि रिहायशी इलाके में निजी बसों की पार्किंग और मरम्मत को लेकर पहले भी उनके द्वारा कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। सुनवाई नहीं होने से हमेशा बड़े हादसे का खतरा



बना रहता है। उन्होंने कहा- जब तक बसें यहां से नहीं हटतीं और इसका समाधान नहीं निकलता, मैं धरने पर ही बैठा रहूंगा।

घटना आज सुबह नवलखा इलाके में तीन इमली के पास की है यहां बसें पार्क की जाती हैं। और उनकी छोटी-मोटी मरम्मत का कार्य भी इस दौरान किया जाता है। इस घटना के संदर्भ में भी प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह बात सामने आई है कि आज सुबह एक बस में मरम्मत का काम किया जा रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग की चिंगारी से बस ने आग पकड़ ली। वहीं कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस सिलेंडर फटने के जैसे चार धमाकों के साथ आग लगी। और देखते ही देखते कुछ ही देर में उसने विकराल रूप धारण कर एक के बाद एक पांच बसों को अपनी चपेट में ले लिया। उस वक्त मौके पर 20 से ज्यादा बसें खड़ी थी उन्हें तुरंत वहां से हटाया गया। वहीं रिहायशी बस्ती होने की वजह से घबराकर लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल आग पर काबू पाने के बाद पार्षद से सलाह मशविरा कर प्रशासन इस समस्या का ठोस हल निकालने का प्रयास कर रहा है।

# सतना पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

सतना,(ए.)। मध्य प्रदेश के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को अल्प प्रवास पर सतना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला।कुपोषण के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए पटवारी ने कहा कि सतना जिले में आठ हजार से अधिक कुपोषित बच्चे हैं, जो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में लंबे समय से सत्ता में रही सरकार जनता की




बुनियादी समस्याओं को दूर करने में विफल रही है।उन्होंने हाल ही में कुपोषण से हुई एक बच्चे की मौत का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार कुपोषण दूर करने के नाम पर भी भ्रष्टाचार कर रही है। उनका कहना था कि कुपोषित बच्चों के लिए मिलने वाली सहायता में भी अनियमितताएं हो रही हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि देश में होने वाले कुल अपराधों में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी चिंताजनक है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अब "जंगलराज" का पर्याय बन चुका है।

## उज्जैन में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हुई तीखी नोकझोंक, करना पड़ा लाठीचार्ज

उज्जैन (ए.)। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक जाट को जिलाबदर किए जाने के विरोध में सोमवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद तनावपूर्ण रहा। कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बड़नगर रोड स्थित ब्रिज के नीचे करीब एक घंटे तक जमकर हंगामा और विवाद हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। दरअसल, विधायक महेश परमार और नेता मुकेश भाटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ उज्जैन पहुंच रहे थे। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेड्स लगा दिए थे। जब प्रदर्शनकारियों को रोका गया, तो वे आक्रोशित हो गए।

## मां शारदा मंदिर प्रबंध समिति में आरटीआई लागू न होने पर उठे सवाल, पारदर्शिता को लेकर बढ़ी मांग

मैहर, (ए.)। मध्यप्रदेश के मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर की प्रबंध समिति में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) लागू न होने को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। धार्मिक नगरी में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर वर्षो से मंदिर प्रबंध समिति को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर क्यों रखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे समिति के कामकाज में पारदर्शिता प्रभावित हुई है और पुराने आर्थिक अनियमितताओं पर पर्दा पड़ा रहा।जानकारी के अनुसार, पूर्व में समिति से जुड़े



कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा यह तर्क दिया जाता रहा कि मां शारदा मंदिर प्रबंध समिति को शासन से प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त नहीं होता, इसलिए यह संस्था आरटीआई अधिनियम के दायरे में नहीं आती। इसी आधार पर लंबे समय तक सूचना के अधिकार के तहत आवेदन स्वीकार नहीं किए गए और श्रद्धालुओं व नागरिकों को समिति के कार्यों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समिति के अध्यक्ष स्वयं जिला कलेक्टर होते हैं, जबकि समिति का प्रशासनिक संचालन एसडीएम स्तर के अधिकारियों की निगरानी में होता है।

## उज्जैन जिले में जल संरक्षण एवं जनजागरुकता के लिए आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

उज्जैन (आरएनएस)। उज्जैन जिले में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" का वृहद स्तर पर संचालन किया जा रहा है। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न जनजागरूकता एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान से जल स्त्रोतों के संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण तथा भू-जल संवर्धन के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया जा रहा है।शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के नेतृत्व में "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" के अंतर्गत उज्जैन जिले के 15 शासकीय एवं 07 अशासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में निबंध, पोस्टर, स्लोगन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, व्याख्यान तथा रैली शामिल थीं।

# आधुनिक तकनीकों ने बदली किसान केहर सिंह चौहान की जिंदगी

### दो माह में आय 10 हजार से बढ़ कर हुई दो लाख

टीकमगढ़ (आरएनएस)। जिले के विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम बनपुरा खुर्द के प्रगतिशील किसान केहर सिंह चौहान ने आधुनिक खेती अपनाकर यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और नई तकनीकों के उपयोग से खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। पहले वे परंपरागत तरीके से एक एकड़ में गेहूं की खेती करते थे, जिससे लगभग छह माह में केवल 30 से 35 हजार रुपये की आय होती थी। सीमित आमदनी के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो रहा था।

इसके बाद उन्होंने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्य के बाहर कृषि भ्रमण के दौरान उन्होंने तरबूज सहित उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी



ली। वापस आकर उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक का उपयोग करते हुए तरबूज की खेती शुरू की।आधुनिक तकनीकों के उपयोग से मात्र दो माह में ही एक एकड़ से लगभग 2 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई।

इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया। अब वे लगभग 8 एकड़ भूमि पर तरबूज, टमाटर, बैंगन और ककड़ी जैसी उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे हैं। उनके खेत से सीधे उत्पाद की बिक्री हो रही है तथा लगभग 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।श्री केहर सिंह चौहान आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

उनका मानना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# व्यापार समाचार

# एलपीजी डिलीवरी के नए नियम की आड़ में ऐसे लुट रहे हैं लोग, जानें बचने का तरीका

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर में रसोई गैस सिलेंडर की डिलीवरी को लेकर एक बड़ा बदलाव किया गया है, जिसके बारे में हर आम आदमी का जानना बेहद जरूरी है। अब एचपी गैस (HP Gas), इंडेन (Indane) और भारत गैस (Bharat Gas) जैसी प्रमुख कंपनियां ग्राहकों को सिलेंडर देने से पहले 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' (DAC) की मांग कर रही हैं। यह नई व्यवस्था ग्राहकों की सुरक्षा और सही व्यक्ति तक डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है। लेकिन इस नई सुरक्षा प्रणाली की आड़ में साइबर ठगों ने भी लोगों को लूटने का नया पैंतरा निकाल लिया है, जिसे लेकर गैस कंपनियों ने ग्राहकों के लिए एक बेहद सख्त अलर्ट जारी किया है।

**क्या है सिलेंडर डिलीवरी का नया छ्ष्ट सिस्टम ?**

डीएसी (DAC) असल में एक तरह का सुरक्षा कोड या ओटीपी (OTP) होता है। जब कोई ग्राहक अपना गैस सिलेंडर बुक करता है, तो उसके तुरंत बाद उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर यह खास कोड भेज दिया जाता है। इस सिस्टम के तहत, जब डिलीवरी बॉय गैस सिलेंडर लेकर आपके घर की दहलीज पर पहुंचता है, तभी आपको यह कोड उसके साथ साझा करना होता है। इस कोड के सही तरीके से मैच होने के बाद ही सिलेंडर की



डिलीवरी पूरी मानी जाती है। इस पूरी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और गलत डिलीवरी को रोकना है, ताकि सिलेंडर हमेशा सुरक्षित रूप से असली ग्राहक तक ही पहुंचे।

**ठगों से बचने के लिए एचपी गैस ने दी सख्त चेतावनी**

इस नए नियम के आते ही साइबर जालसाज भी सक्रिय हो गए हैं। एचपी गैस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए अपने करोड़ों ग्राहकों को सावधान रहने की हिदायत दी है। कंपनी ने बताया है कि कई शातिर ठग नकली एलपीजी डिलीवरी का मैसेज भेजकर लोगों से ओटीपी मांग कर उनके बैंक खाते खाली करने की फिराक में हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि असली मैसेज हमेशा आधिकारिक सेंडर आईडी 'VM-HPGASc-SÓ से ही आता है, जिसमें डिलीवरी के समय इस्तेमाल होने वाला 4 अंकों का डीएसी कोड मौजूद होता है। एचपी गैस ने साफ शब्दों में कहा है कि उनका कोई भी कर्मचारी फोन कॉल, व्हाट्सएप या किसी भी अनजान लिंक के जरिए कभी भी ओटीपी की मांग नहीं करता है।

इंडेन और भारत गैस के ग्राहक भी रखें ये विशेष सावधानी

एचपी गैस की तरह ही इंडेन और भारत गैस ने भी अपने उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की सलाह दी है। इंडेन के ग्राहकों को आने वाले आधिकारिक मैसेज आमतौर पर VK-INDANE Øæ VM-INDANE जैसी आईडी से प्राप्त होते हैं, जिनमें बुकिंग नंबर और डीएसी कोड दर्ज होता है। गैस कंपनियों ने ग्राहकों को यह गांठ बांध लेने को कहा है कि वे डीएसी या ओटीपी किसी भी अनजान फोन कॉल पर बिल्कुल शेयर न करें। यह कोड सिर्फ और सिर्फ तभी बताना है जब डिलीवरी बॉय सिलेंडर लेकर आपके सामने खड़ा हो।

यदि आपके पास बिना बुकिंग के कोई मैसेज आता है या कोई लिंक भेजकर जल्दबाजी में जानकारी मांगी जाती है, तो तुरंत सावधान हो जाएं और ऐसे किसी भी संदिग्ध मैसेज को नजरअंदाज करते हुए सीधे अपनी गैस एजेंसी के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

# वैश्विक अस्थिरता से सोने और चांदी में सीमित दायरे में कारोबार

नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक अस्थिरता से सोना और चांदी की सोमवार को मिश्रित शुरुआत हुई। इस दौरान एक तरफ सोना लाल निशान और दूसरी चांदी हरे निशान में थी।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,530 रुपए के मुकाबले 43 रुपए की मामूली कमजोरी के साथ 1,52,487 रुपए पर खुला।इसके बाद गिरावट बढ़ती चली गई और यह सुबह 10 बजे 630 रुपए या 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,51,900 रुपए था, जो कि अब तक के कारोबार का इंड्र-डे न्यूनतम स्तर भी था। वहीं, उच्चतम स्तर 1,54,434 रुपए था।इसके उलट चांदी में तेजी देखी जा रही है। चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,61,922 रुपए के मुकाबले 2,613 या एक प्रतिशत की तेजी के साथ 2,64,535 रुपए पर खुला।खबर लिखे जाने तक यह 689 रुपए या 0.26



प्रतिशत की तेजी के साथ 2,62,611 रुपए पर थी।अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,62,003 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,64,922 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 4,678 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 80 डॉलर प्रति औंस पर थी।वैश्विक अस्थिरता की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान का शांति प्रस्ताव स्वीकार नहीं करना है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने पाकिस्तान के जरिए जो शांति प्रस्ताव भेजा उसमें युद्ध समाप्त करने, होर्मुज स्ट्रेट को खोलने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी, लेकिन अमेरिका यूरेनियम को सौंपने जैसी मांगों पर अड़ा हुआ है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैंने ईरानी प्रतिनिधियों के जवाब पढ़ा। यह मुझे पसंद नहीं आया है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## फोन पर आया शादी का कार्ड और 10 मिनट में बैंक अकाउंट हो गया जीरो, जानें कैसे बिजनेसमैन से हुई ठगी

बेंगलुरु (आरएनएस)। आज के डिजिटल युग में साइबर ठग लोगों को लूटने के लिए हर दिन नए और खतरनाक तरीके अपना रहे हैं। ताजा मामला आईटी सिटी बेंगलुरु का है, जहां एक व्यवसायी को अपने मोबाइल फोन पर आया एक 'शादी का कार्ड' खोलना इतना भारी पड़ गया कि चंद मिनटों में ही उसके बैंक खाते से 5 लाख रुपये उड़ गए। यह ठगी इतने शातिर तरीके से की गई कि बिजनेसमैन को भनक तक नहीं लगी और जालसाजों ने उसका पूरा अकाउंट खाली कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित व्यवसायी के व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से शादी का निमंत्रण पत्र आया था। इस मैसेज में बड़ी ही चालाकी से लिखा गया था कि 'हम आपको अपनी शादी में आमंत्रित कर रहे हैं, कृपया समारोह की पूरी जानकारी के लिए अटैचमेंट डाउनलोड करें। आपकी उपस्थिति और आशीर्वाद हमें बेहद खुशी देंगे।' यह कार्ड असल में कोई सामान्य तस्वीर या पीडीएफ नहीं था, बल्कि एक खतरनाक 'APK' फाइल के रूप में भेजा गया था। निमंत्रण को सच मानकर जैसे ही व्यवसायी ने उस फाइल को अपने फोन में डाउनलोड किया, वैसे ही वह साइबर ठगों के बुने हुए जाल में फंस गया। व्यवसायी द्वारा फाइल डाउनलोड करते ही उसके फोन का पूरा कंट्रोल और गोपनीय जानकारी हैकर्स के पास पहुंच गई। इसके बाद 16 अप्रैल 2026 की सुबह 4ः45 बजे से 4ः54 बजे के बीच यानी मात्र 10 मिनट के अंदर, शातिर ठगों ने कई यूपीआई (UPI) ट्रांजैक्शन किए और खाते से कुल 5,00,440 रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित को इस भारी ठगी का अहसास हुआ, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।

# एयर इंडिया ने बीते 3 सालों में की 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छुट्टी, सीईओ ने बताई वजह



नई दिल्ली (आरएनएस)। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों पर अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। कंपनी ने नैतिकता और नियमों के उल्लंघन के आरोप में पिछले तीन सालों के भीतर 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने एक टाउनहॉल मीटिंग में कर्मचारियों को इस बड़े एक्शन की जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि कंपनी में सही आचरण न रखने के कारण हर साल सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। इन निकाले गए कर्मचारियों में वे लोग भी शामिल हैं जो एयर इंडिया की उड़ानों से सामान की तस्करी करने और यात्रियों को बिना तय चार्ज दिए निर्धारित सीमा से ज्यादा सामान ले जाने की अवैध छूट देने में संलिप्त पाए गए थे।

**ट्रेवल पॉलिसी के दुरुपयोग में फंसे हजारों कर्मचारी**

टाउनहॉल मीटिंग के दौरान सीईओ कैंपबेल विल्सन ने कर्मचारी अवकाश यात्रा प्रणाली (ELT) के बड़े पैमाने पर हुए दुरुपयोग का भी कड़ा संज्ञान लिया। हाल ही में सामने आया था कि एयर इंडिया ने अपनी इस खास अवकाश यात्रा नीति के इस्तेमाल में भारी अनियमितताएं पकड़ी थीं, जिसमें 4000 से अधिक कर्मचारी शामिल पाए गए। कंपनी ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ कई अन्य दंडात्मक और सुधारात्मक कदम उठाए हैं। मौजूदा समय में एयर इंडिया के पास करीब 24,000 कर्मचारियों की वर्कफोर्स है, लेकिन नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रबंधन की पैनी नजर बनी हुई है। इस साल नहीं बढ़ेगी सैलरी, खर्चों में कटौती के सख्त निर्देश

वित्तीय दबावों और भारी घाटे से जूझ रही यह एयरलाइन कंपनी अब लागत में कटौती के लिए भी कड़े कदम उठा रही है। इसी रणनीति के तहत कंपनी ने इस साल अपने कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि (सैलरी इंक्रीमेंट) पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को कंपनी के भीतर गैर-जरूरी खर्चों में तुरंत कटौती करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि मौजूदा हालात में कंपनी की आर्थिक सेहत को स्थिर करना सबसे पहली प्राथमिकता है।एयर इंडिया के सामने सिर्फ आंतरिक चुनौतियां ही नहीं हैं, बल्कि वैश्विक हालात भी कंपनी की मुश्किलें काफी बढ़ा रहे हैं। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने कर्मचारियों को आगाह किया है कि अगर पश्चिम एशिया में चल रहे तनावपूर्ण हालात जल्द नहीं सुधरे, तो चालू वर्ष कंपनी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है।

## ईरान-अमेरिका में तनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला; निफ्टी 24000 के नीचे

मुंबई , (आरएनएस)। ईरान-अमेरिका में तनाव बढ़ने के कारण सोमवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। सुबह 9ः19 पर सेंसेक्स 904 अंक या 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,424 और निफ्टी 263 अंक या 1.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,927 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार में चौतरफा गिरावट बनी हुई है। निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी ऑटो सूचकांकों में टॉप लूजर थे। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी कंजम्पशन, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी इन्फ्रा के साथ करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे।लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मजबूती के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 423 अंक या 0.66 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 61,487 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 84 अंक या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,623 पर था। सेंसेक्स पैक में टाइटन, इंडिगो, इटरनल, एसबीआई, एसबीआई, एमएंडएम, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचयूएल, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक,आईटीसी, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टीसीएस लूजर्स थे।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, हांगकांग और जकार्ता लाल निशान में थे। वहीं, शंघाई, बैंकॉक और सोल हरे निशान में थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुए थे। इस दौरान मुख्य सूचकांक डाओ जोन्स सपाट रहा। वहीं, टेक्नोलॉजी सूचकांक नैस्डैक 1.71 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

भारत के साथ वैश्विक बाजारों के गिरने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान का शांति प्रस्ताव स्वीकार नहीं करना है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया

अमेरिका ने ऐसा रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और वह अपनी बात मनवाने की स्थिति में है।

ईरान और अमेरिका/ इजराइल के शांति समझौते की दिशा में बढ़ने की जागी उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया। ईरान के होरमुज डलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद अब दोनों तरफ से मोर्चाबंदी तेज होने की खबरें हैं। लेबनान में युद्धविराम लागू होने और उसके बाद ईरान के होरमुज जल मार्ग को खोलने का एलान करते ही जिस तरह डॉनल्ड ट्रंप ने ताबड़तोड़ सोशल मीडिया पोस्ट डाले, संकेत हैं कि उनसे बात फिर बिगड़ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संभवत: वैसे दावे भी कर दिए, जिन पर सहमति नहीं बनी थी और जिनसे ईरान के समर्पण कर देने का संदेश जाता था।नतीजतन, ईरान ने जवाबी कार्रवाई कर दी। वैसे भी दोनों पक्षों के आकलन में खाई इतनी चौड़ी है कि किसी जल्द समाधान की गुंजाइश नहीं बनती। पहले इस्लामाबाद में हुई प्रत्यक्ष वार्ता और फिर पाकिस्तान की मध्यस्थता में जारी परोक्ष बातचीत में अमेरिका ने इस तरह रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया ऐसा है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और अब वह अपनी बातें मनवाने की स्थिति में है। ईरान इस नतीजे पर था कि उसके दबाव में अमेरिका ने लेबनान में युद्धविराम के लिए इजराइल को मजबूर किया। इसके बाद होरमुज जल मार्ग को सशर्त खोल कर उसने अगली सौदेबाजी की जमीन तैयार की।मगर, ट्रंप ने होरमुज की नौसैनिक घेराबंदी जारी रखने का एलान कर ईरान के इस कदम को निष्प्रभावी कर दिया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि ईरान अपना संवर्धित यूरेनियम किसी अन्य देश को सौंपने पर राजी हो गया है। संकेत हैं कि इससे ईरान में इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आआरजीसी) और सख्त रुख रखने वाले अन्य समूहों में तीखी प्रतिक्रिया हुई। इससे कूटनीतिक नजरिया अपना रहे ईरानी अधिकारी सख्त रुख अपनाने पर मजबूर हो गए। इस तरह फिर से युद्ध का साया लौट आया है। ये लड़ाई दुनिया में गंभीर किस्म का ऊर्जा एवं आर्थिक संकट पहले ही खड़ा कर चुकी है। अब ये फिर तेज हुई, तो संकट और भयानक रूप ग्रहण कर सकता है।

# रोगियों की मुस्कान और उम्मीद का दूसरा नाम हैं नर्से

– ललित गर्ग /



हर वर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग सेवा की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस उन अनगिनत संवेदनशील हाथों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो दिन-रात रोगियों के दर्द को कम करने, उन्हें जीवन का भरोसा देने और मृत्यु से संघर्ष कर रहे व्यक्ति के भीतर आशा का दीप जलाने का कार्य करते हैं। दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्से भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। वर्ष 2026 की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि यदि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाना है तो नर्सों को सम्मान, सुरक्षा, संसाधन और सशक्त वातावरण देना होगा। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरु हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं।

सचमुच नर्सें अस्पतालों की आत्मा होती हैं। चिकित्सक जहां रोग की पहचान और उपचार का मार्ग तय करता है, वहीं नर्स अपने स्पर्श, सेवा, सहानुभूति और निरंतर देखभाल से रोगी को जीने की शक्ति देती है। रोगी जब दर्द, भय, चिंता और असहायता से घिरा होता है, तब नर्स ही उसके चेहरे पर विश्वास की मुस्कान बनकर सामने आती है। वह केवल इंजेक्शन लगाने, दवाइयां देने या रिपोर्ट संभालने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह रोगी के मनोबल की संरक्षक होती है। वह अपने व्यवहार, शब्दों और संवेदनाओं से रोगी को यह विश्वास दिलाती है कि वह अकेला नहीं है। यही कारण है कि दुनिया भर में नर्सों को धरती के फरिश्ते कहा जाता है। मानवीय सेवा का सबसे जीवंत और प्रभावशाली स्वरूप यदि कहीं दिखाई देता है तो वह नर्सिंग सेवा में दिखाई देता है। एक नर्स रोगी की पीड़ा को केवल देखती नहीं, बल्कि उसे महसूस भी करती है। वह रात-रात भर जागकर मरीजों की देखभाल करती है, उनके दर्द की भाषा समझती है, उनकी छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखती है और कई बार अपने परिवार, अपने स्वास्थ्य और अपनी खुशियों की कीमत पर भी रोगियों की सेवा करती है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय पूरी दुनिया ने देखा कि जब लोग अपने ही परिजनों से दूरी बना रहे थे, तब नर्सें संक्रमित मरीजों के सबसे निकट खड़ी थीं। उन्होंने मृत्यु के भय को पीछे छोड़कर जीवन की रक्षा का संकल्प निभाया। उस दौर ने यह सिद्ध कर दिया कि नर्सें केवल स्वास्थ्यकर्मी नहीं, बल्कि मानवता की सबसे मजबूत प्रहरी हैं।

नर्सिंग सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि करुणा, धैर्य और त्याग की साधना है। एक नर्स उस समय भी मुस्कुराती रहती है जब वह स्वयं मानसिक और शारीरिक थकान से गुजर रही होती है। वह रोगियों के बीच आशा का वातावरण बनाती है। कई बार ऐसे मरीज, जो मानसिक रूप से टूट चुके होते हैं, नर्सों की आत्मीयता और प्रेरणा से पुन: जीवन के प्रति सकारात्मक हो जाते हैं। चिकित्सा विज्ञान में दवाइयों की अपनी भूमिका है, लेकिन संवेदनशील देखभाल और मानसिक संबल रोगी के उपचार को अधिक प्रभावी बनाते हैं। यही कारण है कि कहा जाता है कि नर्स का स्पर्श भी एक औषधि है। आज जब दुनिया आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में प्रवेश कर चुकी है, तब भी नर्सिंग सेवा की आवश्यकता और महत्ता कम नहीं हुई, बल्कि और अधिक बढ़ी है। मशीनें रोग का परीक्षण कर सकती हैं, लेकिन वे रोगी की आंखों में छिपे भय को नहीं पढ़ सकतीं। तकनीक इलाज का माध्यम बन सकती है, लेकिन वह करुणा का विकल्प नहीं बन सकती। नर्सों की सबसे बड़ी शक्ति उनकी संवेदनशीलता है, जो उन्हें अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाओं से अलग पहचान देती है। इसी कारण आज भी नर्सिंग दुनिया का सबसे अधिक अपेक्षित और सम्मानित स्वास्थ्य पेशा माना जाता है।

विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक प्रशिक्षित नर्सों की कमी है। विकसित देशों में बेहतर वेतन और सुविधाओं के कारण विकासशील देशों की अनेक प्रतिभाशाली नर्सें विदेशों की ओर आकर्षित हो रही हैं। परिणामस्वरूप गरीब और विकासशील देशों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। विश्व स्तर पर नर्सों की बढ़ती आवश्यकता यह संकेत देती है कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता नर्सों की उपलब्धता और दक्षता पर ही निर्भर करेगी। इसलिए यह समय नर्सों को केवल सेवक के रूप में देखने का नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्णायक स्तंभ के रूप में स्वीकार करने का है। भारत जैसे विशाल देश में नर्सिंग सेवा को अधिक सशक्त, सम्मानजनक और सुरक्षित बनाने की अत्यंत आवश्यकता है। नर्सों के लिए बेहतर वेतनमान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां, पर्याप्त अवकाश, मानसिक स्वास्थ्य सहयोग, कौशल विकास और नेतृत्व के अवसर सुनिश्चित किये जाने चाहिए। निजी और सरकारी अस्पतालों को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहां नर्सें सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें। यदि नर्सें स्वयं तनाव, असुरक्षा और उपेक्षा से घिरी रहेंगी, तो स्वास्थ्य सेवाओं की मानवीय गुणवत्ता प्रभावित होगी। इसलिए नर्सों का कल्याण केवल उनका व्यक्तिगत प्रश्न नहीं, बल्कि पूरी मानवता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ विषय है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की 2026 की थीम भी इसी सोच को आगे बढ़ाती है कि सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर तकनीकी नवाचार का समन्वय करना

डॉ. जितेंद्र सिंह

11 मई को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस – 'विज्ञान टेक', भारत द्वारा 1998 में किए गए सफल पोखरण-I परमाणु परीक्षणों के जरिए प्राप्त ऐतिहासिक तकनीकी उपलब्धि का कीर्तिगान करता है। यह अवसर भारत की विकास यात्रा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक नवाचार, तकनीकी प्रगति तथा विज्ञान, समाज और उद्योग के समन्वय के प्रति राष्ट्र की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

पिछले एक दशक में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का तकनीकी इकोसिस्टम अभूतपूर्व विकास का साक्षी रहा है, जो त्वरित नवाचार, विस्तारित डिजिटल अवसंरचना तथा उभरते क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति से परिलक्षित होता है। आत्मनिर्भरता तथा वैज्ञानिक नवाचारों को वास्तविक दुनिया में प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया है। क्वांटम संचार, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु के प्रति लचीली प्रणालियों जैसे अग्रणी प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जैव-निर्माण विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो जैविक प्रणालियों के माध्यम से उच्च-मूल्य वाले जैव-उत्पादों, टीकों, ईंधनों और सामग्रियों के उत्पादन द्वारा सतत नवाचार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सशक्त जैव-अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाती है। चंद्रयान-3 मिशन में भारत की सफलता तथा हाल की उपलब्धियाँ, जैसे कलपक्कम स्थित स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रिटिकलिटी प्राप्त करना, रणनीतिक क्षेत्रों में देश की प्रगति और दीर्घकालिक तकनीकी आत्मनिर्भरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और अधिक रेखांकित करती हैं।

# सोमनाथ से सिंदूर तकः पुनरुत्थानशील भारत की भावना

पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुन: स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है।

इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी।

गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज़्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।



नेहरू का विरोध- स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्टपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया।

सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक — भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुन: स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है। वैश्विक पहचान- सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।आयुष और योग का वैश्वीकरण-भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के विकास भी, विरासत भी के विजन को आगे बढ़ाते हैं।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आज खर्चो के मामले में ज्यादा दरियादिली ना रखें और ना ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर कर सकते हैं।

वृष राशि: वषभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करें। आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। अपने स्वभाव में संतुलन बनाए रखें आपके सभी काम बनेंगे अधिक क्रोध करने से बचें। आज पुत्र पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी खास रिश्तेदार के आने से खुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। आज बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। इससे आपका ही समय बचेगा। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। किसी तरह की मानसिक उलझन से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। f

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने कार्यों पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज पूरे होंगे। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आज आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है साथ ही किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज का दिन ठीक रहने वाला है। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से उत्सव भरा माहौल रहेगा। आज हर काम को योजनाबद्ध तरीके से करना तथा एकाग्र चित्त रहना आपको सफलता प्रदान करेगा। निवेश संबंधी महत्वपूर्ण योजनाएं भी सफल होंगी।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके खास काम मन मुताबिक तरीके से बनने वाले हैं, इसलिए मेहनत में बिल्कुल भी कमी ना करें। आज रोचक तथा ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने में भी कुछ समय व्यतीत करेंगे। आज जरूरी कार्य पूरा होने से मानसिक सुकून और शांति रहेगी। प्रॉपर्टी से संबंधित काम बनने की भी संभावना है।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। संचार से जुड़ी किसी नयी तकनीक से फायदा जरूर मिलेगा। आसपास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला दिन है। किसी भी स्थिति में घर के बुजुर्गों की सलाह अवश्य लें, आपको बढ़िया सलाह मिलेगी। आज भावनाओं में आकर किसी से वादा ना करें। आज आप फिजूलखर्ची से दूर रहे और उचित बजट बनाकर चलें। किसी नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय का इंतजार करें। आज आपको कुछ नए अनुभव की प्राप्ति होगी।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज आप किसी के साथ बेवजह न उलझे और अपने ईगो पर काबू रखें। आज अधिक सोचने विचारने से महत्वपूर्ण उपलब्धि हाथ से भी निकल सकती है। आज सही निर्णय लेना बहुत जरूरी है।

# (विचार-मंथन) भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दयनीय स्थिति में

– सनत जैन

– एनआरआई के लिए डॉलर बांड

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले ढाई महीनों में तेजी से घटकर लगभग 550 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह स्थिति केंद्र सरकार और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के लिए चिंता का विषय है। विदेशी मुद्रा भंडार देश की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। इसी के सहारे आयात, अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और मुद्रा विनिमय दर को स्थिर रखने में होता है। इसका असर आयात और निर्यात दोनों पर पड़ता है। अमेरिका और ईरान के बीच जब युद्ध चल रहा है, ऐसी स्थिति में वैश्विक बाजार में अस्थिरता, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर की मजबूती के कारण भारत पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट भारत की अर्थ व्यवस्था के लिए गंभीर संकट का संकेत है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का 85 फ़ीसद हिस्से का आयात करता है। खाद भी बड़े पैमाने पर भारत को आयात करनी होती है। पेट्रोलियम, खाद और गैस के आयात में भारी मात्रा में डॉलर की जरूरत होती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी सरकार और रिजर्व बैंक को वैकल्पिक उपायों पर विचार करने पर मजबूर कर रहे हैं। इसी क्रम में डॉलर बॉन्ड जारी करने की योजना सामने आई है। विदेशों में बसे भारतीयों (एनआरआई) को बांड बेचकर सरकार डॉलर का भंडार बढ़ाना चाहती है। यह योजना सरकार और रिजर्व बैंक के लिए अल्पकालिक राहत देने वाली होगी। एनआरआई निवेशकों से डॉलर प्राप्त कर सरकार विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करने का प्रयास करेगी। इससे तत्काल डॉलर की उपलब्धता बढ़ सकती है। रुपये पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। भारत वित्तीय स्थिति को तत्काल नियंत्रित करने में सफल हो सकता है। लेकिन आगे चलकर अर्थव्यवस्था में दोहरा दबाव भी पड़ सकता है। इस योजना के साथ कई जोखिम भी हैं। सबसे बड़ा खतरा विनिमय दर का है। पिछले कुछ वर्षों में डॉलर, लगातार रुपये के मुकाबले मजबूत हुआ है। भविष्य में रुपये की कमजोरी जारी रहती है, तो सरकार को बॉन्ड का भुगतान मांग के अनुसार करने पर ज्यादा डॉलर भुगतान करना पड़ेगें। इसमें सरकार को केवल ब्याज ही नहीं, बल्कि विनिमय दर मे भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह स्थिति भविष्य में वित्तीय दबाव को और बढ़ा सकती है। विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए केवल उधारी आधारित समाधान लंबे समय तक प्रभावी नहीं हो सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है, भारत को निर्यात बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने, घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में ज्यादा ध्यान देना होगा। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने की दिशा में दीर्घकालीन ठोस कदम उठाने जरूरी हैं।सरकार और रिजर्व बैंक को समझना होगा, विदेशी मुद्रा भंडार केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। यह देश के आयात-निर्यात भुगतान के संतुलन तथा आर्थिक विश्वसनीयता का प्रतीक है। यदि विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है तो उसे संभालने के लिए बार-बार बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यह दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इसलिए डॉलर बॉन्ड तत्काल मलहम का काम कर सकता है। यह स्थायी समाधान नहीं है। भारत को अपनी आर्थिक नीतियों को बेहतर एवं मजबूत बनाना होगा। विदेशी मुद्रा भंडार आयात-निर्यात भुगतान संतुलन एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में विदेशी मुद्रा का भंडार होना ही चाहिए। पिछले कुछ महीनों से जिस तरह से देश को अर्थ संकट का सामना कर रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है। विदेशी निवेशक भारत से भाग रहे हैं। निर्यात की तुलना में आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत सरकार के ऊपर देसी और विदेशी कर्ज बढ़ता जा रहा है। रुपए के मुकाबले डॉलर की कीमत तेजी से बढ़ रही है।





## फिल्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका, सड़क हादसे में 31 साल के मशहूर एक्टर की हुई मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से बेहद दुखद खबर सामने आई है। युवा अभिनेता भरत कांत और प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर त्रिलोक की एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे के बाद फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है और फैंस सोशल मीडिया पर दोनों कलाकारों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।पुलिस के अनुसार यह हादसा हैदराबाद आउटर रिंग रोड पर बेंगलुरु गेट के पास एग्जिट नंबर-12 के निकट हुआ। बताया जा रहा है कि भरत कांत और त्रिलोक कार से नेल्लोर से हैदराबाद लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आदिबटला पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

31 वर्षीय भरत कांत तेलुगु सिनेमा के उभरते कलाकारों में गिने जाते थे। उन्होंने हाल ही में रिलीज फिल्म 'टेनेंट' में अपनी अभिनय क्षमता से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके अलावा वह 'ग्रामम' फिल्म और 'गीतांजलि' व 'पार्वती परमेश्वरलू' जैसी वेब सीरीज में भी नजर आ चुके थे। वहीं त्रिलोक ने सिनेमैटोग्राफी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने कई फिल्मों में कैमरे के पीछे अपनी शानदार तकनीक और रचनात्मकता का परिचय दिया था। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि एक ही हादसे में दो प्रतिभाशाली कलाकारों का चले जाना फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर शोक संदेशों की बाढ़ आ गई। कई फिल्मी सितारों, निर्देशकों और प्रशंसकों ने दोनों के निधन पर गहरा दुख जताते हुए परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## हिमाचल के चंबा में बड़ा हादसा, गहरी खाई में इनोवा कार गिरने से 6 पर्यटकों की मौत, कई घायल

मनाली ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। तुनुहट्टी क्षेत्र के ककीरा घार के पास एक टैक्सी इनोवा गहरी खाई में गिर गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार टैक्सी धर्मशाला से डलहौजी की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक वाहन चालक संतुलन खो बैठा और गाड़ी करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन में कुल दस लोग सवार थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक गुजरात के बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय इलाके में तेज बारिश हो रही थी, जिससे सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई थी। प्रारंभिक जांच में खराब मौसम और सड़क पर फिसलन को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और राहत-बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। अंधेरे और बारिश के बीच कई घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद घायलों और शवों को खाई से बाहर निकाला गया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

## गेट पर झूल रहा था 5 साल का मासूम, चंद सेकंड में हुआ ऐसा हादसा कि कांप जाएगी रूह

गौतमबुद्ध नगर ,(आरएनएस)। नोएडा के गेझा गांव से एक ऐसा दर्दनाक और दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर किसी का भी कलेजा कांप जाएगा। यहां सुबह एक पांच साल के मासूम बच्चे की भारी-भरकम लोहे के गेट के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। बच्चा खेल-खेल में गेट पर झूल रहा था, तभी वह भरभराकर उसके ऊपर गिर पड़ा। इस खौफनाक घटना का पूरा मंजर पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**पड़ोस के जर्जर गेट पर खेल रहा था मासूम**

जानकारी के मुताबिक, इस दर्दनाक हादसे का शिकार हुए पांच वर्षीय मासूम की पहचान नवदीप के रूप में हुई है। यह दिल दहला देने वाली घटना शनिवार सुबह करीब 9:20 बजे की है। रोजमर्रा की तरह नवदीप अपने घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान वह पड़ोस में लगे लोहे के एक पुराने और जर्जर गेट पर चढ़कर झूलने लगा। उसे इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि मौत उसके इतने करीब खड़ी है। खेलते समय अचानक वह भारी-भरकम लोहे का गेट टूट गया और सीधा मासूम के ऊपर आ गिरा।

**भागने की कोशिश की, लेकिन काल बना लोहे का गेट**

वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि जब गेट नीचे की तरफ गिरने लगा, तो मासूम को अनहोनी की आशंका हो गई थी। उसने खुद को बचाने के लिए तेजी से वहां से भागने की कोशिश भी की, लेकिन गेट इतना भारी था कि वह चंद सेकंड में ही उसकी चपेट में आ गया।

# सोमनाथ के शिखर पर पहली बार कुंभाभिषेक, पीएम मोदी ने की महापूजा

## वायुसेना ने भी दिखाई जांबाजी, 75 साल का गौरव

अहमदाबाद,(ए.)। गुजरात के गिर सोमनाथ में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के मंदिर में आज सोमनाथ अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के आधुनिक पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और महापूजा में भाग लिया। पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भक्तिमय संगीत से सराबोर रहा। इस अवसर पर देशभर के साधु-संतों, कलाकारों और हजारों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ पहुंचकर सबसे पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को नमन किया, जिन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया था। इसके पश्चात, मंदिर के इतिहास में पहली बार शिखर पर कुंभाभिषेक का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। देश के 11 पवित्र तीर्थस्थलों के जल से भरे एक विशाल पांच फुट ऊंचे कलश को क्रेन की सहायता से करीब 90 मीटर ऊंचे मंदिर शिखर तक पहुंचाया गया, जहां शास्त्रों के अनुसार जलाभिषेक संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री ने इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया।

धार्मिक समारोह के साथ-साथ आज सोमनाथ की धरती पर राष्ट्रभक्ति और शौर्य का संगम भी देखने को मिला। भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने मंदिर परिसर के ऊपर हैरतअंगेज एयर शो का



प्रदर्शन किया। छह हॉक एमके-132 विमानों ने आसमान में आकर्षक फॉर्मेशन बनाकर दर्शकों का मन मोह लिया। मंदिर के भव्य शिखर के ऊपर वायुसेना के इन विमानों की गूँज और कलाबाजियों ने श्रद्धालुओं के बीच रोमांच भर दिया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी का जामनगर से लेकर सोमनाथ तक अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सोमनाथ पहुंचने पर उन्होंने एक भव्य रोड शो किया, जिसमें सड़क के दोनों ओर जमा जनसैलाब ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। गुजरात सरकार और सोमनाथ ट्रस्ट ने इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं। मंदिर को विशेष लाइटिंग और विदेशी फूलों से सजाया गया है, जिससे रात्रि के समय इसकी आभा और भी मनोरम हो गई है। यह उत्सव न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि आधुनिक भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति के पुनर्जागरण का भी संदेश दे गया।

## कहीं आंधी-बारिश और ओलावृष्टि तो कहीं हीटवेव की चेतावनी

### उत्तर भारत में फिर करवट ले रहा मौसम

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दोपहर के समय बढ़ती तपिश के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आज से 14 मई के बीच उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में बारिश, कड़कती बिजली और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का नया दौर शुरू होगा। पश्चिमी विक्षोभ और अन्य भौगोलिक कारणों से होने वाले इस बदलाव से जहां कुछ राज्यों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं कई हिस्सों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज से 14 मई के दौरान व्यापक स्तर पर बारिश और गरज के साथ बिजली चमकने का अनुमान है। विशेष रूप से सोमवार और मंगलवार को जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में, और 12 व 13 मई को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 11 से 14 मई और उत्तर प्रदेश में 12 से 14 मई के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

एक तरफ जहां उत्तर भारत में बारिश की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर 15 मई तक पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भीषण हीटवेव (लू) चलने की आशंका है।



**श्रीलंका की महिला एवं बाल मामलों की मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।**

## मुख्यमंत्री विजय ने तमिलनाडु विधानसभा में विधायक के तौर पर शपथ ली

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के एक दिन बाद टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को विधानसभा के पहले सत्र के दौरान विधानसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। नए चुने गए विधायकों के लिए शपथ ग्रहण समारोह विधानसभा हॉल में प्रोटेम स्पीकर करुपैया की देखरेख में हुआ, जिन्होंने सदस्यों को शपथ दिलाई। इस कार्यवाही के साथ ही हाल ही में हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद नई विधानसभा की औपचारिक शुरुआत हो गई। विजय ने पेरम्बूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक के तौर पर शपथ ली। उन्होंने चुनावों में पेरम्बूर और त्रिची ईस्ट, दोनों सीटों से जीत हासिल करने के बाद पेरम्बूर सीट को ही अपने पास रखने का फैसला किया था। पेरम्बूर से ही प्रतिनिधि के तौर पर बने रहने के अपने फैसले के बाद उन्होंने त्रिची ईस्ट सीट से इस्तीफा दे दिया, जिससे वहां उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया।



विजय के शपथ लेने के तुरंत बाद टीवीके के वरिष्ठ नेता एन. आनंद ने टी नगर क्षेत्र से विधायक के तौर पर शपथ ली जबकि आधव अर्जुन ने विल्लीवाक्कम क्षेत्र से विधायक के तौर पर शपथ ली। विधानसभा में काफी उत्साह का माहौल था क्योंकि नए चुने गए सदस्य पहली बार सदन में आए थे।

टीवीके ने पहले ही विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल कर सत्ता हासिल कर ली। टीवीके 234 सदस्यों वाले सदन में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और बाद में अपने गठबंधन सहयोगियों के समर्थन से सरकार बनाई।

## एआई से ऊर्जा खपत में होगी भारी वृद्धि, भारत को अभी से करनी होगी तैयारी : अदाणी

नई दिल्ली,(ए.)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मोबाइल



डेटा विस्फोट जैसी क्रांति लाएगा, जिससे ऊर्जा की खपत में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, गौतम अदाणी ने एक दशक पहले के मोबाइल डेटा विस्फोट का उदाहरण दिया, जहाँ स्मार्टफोन के किफायती होने, नेटवर्क विस्तार और डेटा कीमतों में गिरावट से खपत में जबरदस्त उछाल आया था। उन्होंने कहा कि एआई भी इसी तरह की वृद्धि लाएगा, लेकिन यह वृद्धि कहीं अधिक ऊर्जा खपत करने वाली होगी। अदाणी ने चेतावनी दी कि डेटा सेंटर की क्षमता, जिसके 2030 तक 5 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, 2047 तक लगभग 75 गीगावाट तक बढ़ सकती है, इसीलिए भारत को अभी से तैयारी करनी होगी।अदाणी समूह के प्रमुख ने भारत की विकास गाथा पर कहा कि देश आम परिवारों, फैलते शहरों, सक्रिय कारखानों, इलेक्ट्रिक वाहनों और विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों छोटे व्यवसायों के लिए लगातार विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में एक बड़ा फायदा यह है कि हम जो कुछ भी बनाएंगे, उसकी मांग पहले से ही मौजूद होगी, और चुनौती क्षमता का निर्माण कर इस मांग को पूरा करने की है। ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए अदाणी ने बताया कि मार्च 2026 तक स्थापित ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो बीते 10 वर्षों में 53 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है।

## कुर्सी छिनते ही ममता बनर्जी को आई 'पुराने दुश्मनों' की याद, कांग्रेस और लेफ्ट ने ठुकराया ऑफर

कोलकाता ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की सत्ता से 15 साल बाद बेदखल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस (TMC) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पुराने राजनीतिक दुश्मनों की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय जनता पार्टी (BJP) के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बनाने के लिए ममता ने कांग्रेस और वामदलों (लेफ्ट) को साथ आने का खुला न्योता दिया था। लेकिन, जिस लेफ्ट का किला ढहाकर ममता ने सत्ता का सुख भोगा था, उसी ने अब कांग्रेस के साथ मिलकर उनके इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है और टीएमसी प्रमुख को एक बड़ा झटका दिया है।

ममता बनर्जी के विपक्षी एकता के आह्वान पर कांग्रेस ने सबसे तीखी और सख्त प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के प्रवक्ता सौम्य आइच राय ने ममता के प्रस्ताव पर हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने कानों पर विश्वास ही नहीं हो रहा है कि ममता ऐसा कह रही हैं। उन्होंने ममता द्वारा 'अति-वामपंथियों' को साथ लाने की बात पर तीखा प्रहार किया। कांग्रेस ने सवाल दागा कि अति-वामपंथियों से उनका क्या मतलब है? क्या ममता बनर्जी उन माओवादियों को साथ लाना चाहती हैं, जिन्होंने 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 18 बड़े नेताओं



और कार्यकर्ताओं की बेरहमी से हत्या कर दी थी?

लेफ्ट का भी साफ इनकार, कहा- अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के साथ नहीं जाएंगे

कांग्रेस के बाद वामदलों ने भी ममता बनर्जी के अरमानों पर पानी फेर दिया। सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद सलीम ने इस प्रस्ताव को पूरी तरह से ठुकरा दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे ममता बनर्जी के साथ किसी भी सूरत में मंच साझा नहीं करेंगे। वामदलों ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे किसी भी ऐसे व्यक्ति या दल को स्वीकार नहीं करेंगे जो अपराध, जबरन वसूली में लिप्त हो और भ्रष्ट हो। पार्टी ने साफ किया कि वे सिर्फ आम जनता और हाशिए पर खड़े लोगों के साथ ही खड़े रहेंगे, न कि किसी भ्रष्ट तंत्र के साथ।गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में सुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद शनिवार को ममता बनर्जी ने एक वीडियो संदेश जारी किया था।

## रंगासामी 13 मई को बनेंगे पुडुचेरी का मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी

पुडुचेरी, (आरएनएस)। सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया. गृह मंत्रालय के नोटिफिकेशन में कहा गया, राष्ट्रपति एन रंगासामी को शपथ लेने की तारीख से केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए खुशी है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोटिफिकेशन के बाद लेफ्टिनेंट गवर्नर के कैलाशनाथन ने रंगासामी को सरकार बनाने के लिए बुलाया है.सूत्रों ने बताया कि रंगासामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. 9 अप्रैल को हुए केंद्र शासित प्रदेश चुनाव में ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की आसान जीत के बाद रंगासामी पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं।

# पीएम मोदी की अपील पर अखिलेश यादव ने कहा- जैसे ही चुनाव खत्म हुए, संकट की याद आ गई!

लखनऊ (आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से खाड़ी संकट के बीच पेट्रोल, डीजल और गैस का कम इस्तेमाल करने के साथ-साथ अगले 1 साल के लिए सोना नहीं खरीदने और WFH शुरू करने की अपील के बाद अखिलेश यादव केंद्र सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने X पर ट्वीट कर लिखा जैसे ही चुनाव खत्म हुए, संकट की याद आ गई!असल में, देश के लिए सिर्फ़ एक ही संकट है, और उसका नाम है 'BJP' ।अगर इतनी सारी पाबंदियाँ लगानी ही थीं, तो फिर पाँच ट्रिलियन डॉलर की जुमला अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी? ऐसा लगता है कि BJP सरकार के हाथों से लगाम पूरी तरह से फिसल चुकी है। डॉलर आसमान छू रहा है, और देश का रुपया पाताल की ओर गोता लगा रहा है। अखिलेश ने कहा सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, बल्कि अपने ही भ्रष्ट लोगों से की जानी चाहिए; क्योंकि जनता वैसे भी 1.5 लाख रुपए तोला सोना नहीं खरीद रही है।



ये तो BJP के वफ़ादार लोग हैं, जो अपने काले धन को सोने में बदलने में लगे हुए हैं। अगर हमारी बात गलत लग रही है, तो ज़रा लखनऊ से गोरखपुर या अहमदाबाद से गुवाहाटी तक जाँच करके देख लीजिए। वैसे, ये सारी पाबंदियाँ चुनाव खत्म होने के बाद ही क्यों याद आईं? चुनाव के दौरान BJP वालों ने जो हज़ारों चार्टर फ़्लाइट्स ली थीं, क्या वे पानी से उड़ रही थीं? क्या वे होटलों में नहीं रुक रहे थे, या सिलेंडरों की तस्वीरों के साथ खाना बना रहे थे? BJP ने अपना चुनावी प्रचार सिर्फ़ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए ही क्यों नहीं किया? क्या ये सारी पाबंदियाँ सिर्फ़ जनता के लिए हैं? इस तरह की अपील से व्यापार, कारोबार और बाज़ारों में मंदी या महँगाई की आशंकाओं के चलते सिर्फ़ डर, घबराहट, बेचैनी और निराशा ही फैलेगी। सरकार का काम अपने विशाल संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करके हमें आपातकालीन स्थितियों से बाहर निकालना है, न कि डर या अफ़रा-तफ़री फैलाना। अगर वे सरकार नहीं चला सकते, तो BJP वालों को बस अपनी नाकामी मान लेनी चाहिए—देश को बर्बाद न करें। वैसे भी, इन हालात की असली वजह BJP सरकार का देश की पारंपरिक गुटनिरपेक्ष विदेश नीति से भटक जाना है; वे कुछ खास वजहों और दबावों के चलते कुछ खास गुटों के पीछे भाग रहे हैं। देश की जनता इसकी कीमत महँगाई, बेरोज़गारी, काम-धंधे की कमी और मंदी के रूप में चुका रही है। किसानों और मज़दूरों से लेकर हर युवा, हर गृहिणी, दफ़्तर जाने वाला हर व्यक्ति, पेशेवर और कारोबारी—हर कोई इसकी चपेट में आ चुका है। सच तो यह है कि BJP विदेश नीति और घरेलू नीति—दोनों ही मोर्चों पर नाकाम रही है। यह अपील BJP सरकार की अपनी नाकामी का कबूलनामा है। असल में, जैसे ही वोट आए, BJP की कमियां सामने आ गईं। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा BJP वालों ने चुनाव के समय घोटालों से राजनीति को दूषित कर दिया है; नफ़रत फैलाकर उन्होंने सामाजिक सौहार्द को बर्बाद कर दिया है; अपने आचरण से उन्होंने संस्कृति और मूल्यों को कलंकित किया है; उन्होंने धर्म को भी नहीं बख्शा, संतों और ऋषियों पर हमले और आरोप लगाए—और अब वे अर्थव्यवस्था को लेकर रो रहे हैं।

## गलती ब्राह्मणों की नहीं' सीजेआई सूर्यकांत के नाम पर वायरल हुआ ये जातिवादी पोस्ट, भड़क गए मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से फैलाए जा रहे एक फर्जी और जातिवादी बयान पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश ने इस हरकत को बेहद नीच और शरारतपूर्ण बताते हुए असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने साफ किया है कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के नाम से ऐसा मनगढ़ंत बयान जोड़ना जानबूझकर समाज को भड़काने की एक घिनौनी साजिश है, और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**एक्स पर वायरल किया गया था भ्रामक पोस्ट**

यह पूरा विवाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर किए गए एक पोस्ट के बाद शुरू हुआ। '@UnreservedMERIT' नामक एक अकाउंट से हिंदी में एक बयान पोस्ट किया गया था, जिसे मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का बयान बताकर प्रचारित किया जा रहा था। इस फर्जी पोस्ट में लिखा गया था कि अगर कोई समाज अपने लोगों के बीच से आईएएस, आईपीएस, सीजेआई, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पैदा करने के बाद भी खुद को शोषित ही मानता है, तो इसमें गलती ब्राह्मणों की नहीं बल्कि उसकी अपनी मानसिकता की है।

# पूजा हेगड़े का ग्लैमरस अवतार, बिकिनी टॉप और शॉर्ट्स में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर, वायरल हुई तस्वीरें



एक्ट्रेस पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म है जवानी तो इश्क़ होना है को लेकर चर्चा में है. फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं. वहीं अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ ग्लैमरस फोटो शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है.

पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार फोटोज शेयर की हैं. जिनमें उनका लुक देखने लायक है. पूजा हेगड़े फ्लोरल प्रिंटेड बिकिनी टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहन कहर ढा रही हैं. एक्ट्रेस का ये कतिलाना लुक देख फैंस उनसे नजर नहीं हटा पा रहे हैं. सटल मेकअप और खुले बालों ने पूजा हेगड़े बला की हसीन दिख रही हैं. उन्होंने कई मिरर सेल्फी ली है. शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी कॉन्फिडेंट नजर आईं. पूजा हेगड़े ने अपना कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किया. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं. अगर पूजा हेगड़े के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो जल्द ही है जवानी तो इश्क होना है फिल्म में नजर आएंगी. फिल्म ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी हैं. ये फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं.

# माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म मां बहन का फर्स्ट लुक आउट, नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित पिछले कुछ समय से अपनी अपकमिंग फिल्म मां बहन को लेकर चर्चा में हैं. ये एक डार्क कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म में एक्ट्रेस तृप्ति



डिमरी भी लीड रोल में नजर आएंगी. अब मदर्स डे को मौके पर फैंस को बड़ा सरप्राइज मिला है. दरअसल, फिल्म मां बहन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है. फिल्म मां बहन जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने वाली है. फिलहाल इसकी रिलीज डेट अनाउंस नहीं हुई है. इस फिल्म में सोशल मीडिया स्टार धारणा दुर्गा भी अहम भूमिका निभा रही हैं. वहीं, दिग्गज एक्टर रवि किशन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. फिल्म मां बहन में माधुरी दीक्षित मां के किरदार में नजर आएंगी, वहीं धारणा और तृप्ति उनकी बेटियों का रोल प्ले करने वाली हैं. नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म मां बहन का वीडियो शेयर किया है, जिसमें धारणा, तृप्ति और माधुरी की झलक दिख रही है. तृप्ति और धारणा फिल्म में उनकी मां बनी माधुरी के बारे में बात करते दिख रही हैं.

# कृष्णावतारम् पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर मचाई धूम, तीसरे दिन किया इतने करोड़ का कलेक्शन



कृष्णावतारम् पार्ट 1 को लेकर फैंस में बज देखने को मिल रहा है. फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले हैं और पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का भी फायदा मिल रहा है. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म ने शनिवार को शानदार कमाई की. आइए जानते हैं फिल्म के कलेक्शन के बारे में.सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 2.25 करोड़ की कमाई की. फिल्म को 1713 शोज मिले. वहीं फिल्म ने 27.5 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने हिंदी में 2.15 करोड़ कमाए. वहीं तमिल में 3 लाख और तेलुगू में 7 लाख कमाए. फिल्म ने टोटल 3.82 करोड़ की कमाई की. वहीं फिल्म ने ग्रॉस 4.57 करोड़ का कलेक्शन किया. बता दें कि फिल्म ने पहले दिन 42 लाख की कमाई की. दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त इजाफा हुआ. दूसरे दिन 1.15 करोड़ कमाए.फिल्म की डिमांड बढ़ गई है. इसी वजह से शोज बढ़ाए गए हैं. पहले दिन 510 शोज थे. दूसरे दिन 1549 शोज मिले. वहीं तीसरे दिन 1713 शोज मिले. हार्दिक गज्जर की ये फिल्म फैंस का दिल जीत रही है. इरशाद कामिल ने लिरिक्स लिखे हैं. वहीं प्रसाद एस ने म्यूजिक दिया है. फिल्म का म्यूजिक पसंद किया जा रहा है. वहीं फिल्म विजुअल्स भी फैंस का दिल जीत रहे हैं.फिल्म को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से ये उम्मीद लगाई जा रही है कि रविवार को फिल्म की कमाई में इजाफा दिखेगा. वहीं फिल्म के 5-6 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं.

# राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका, 70 करोड़ क्रॉस हुआ कलेक्शन



रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी को फैंस भर-भरकर प्यार दे रहे हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. राजा शिवाजी की स्टोरीलाइन और रितेश देशमुख की एक्टिंग को फैंस बहुत प्यार दे रहे हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने शनिवार को 5.60 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 3962 शोज मिले. फिल्म को 27.8 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने 1.35 करोड़ हिंदी भाषा में और मराठी में 4.25 करोड़ कमाए. फिल्म ने टोटल नेट 61.45 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

वहीं ग्रॉस फिल्म ने 70 करोड़ का आंकड़ा टच कर लिया है. फिल्म ने टोटल ग्रॉस 72.91 करोड़ की कमाई कर ली है. बता दें कि फिल्म के शनिवार के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल सामने नहीं आए हैं.

# इश्क दम और इडली रसम खाना, परिवार और भावनाओं की खूबसूरत कहानी : सुरभि चंदना

अभिनेत्री सुरभि चंदना अपनी नई वेब सीरीज इश्क दम और इडली रसम को लेकर उत्साहित हैं। खास बात है कि इस सीरीज को उन्होंने को-प्रोड्यूस भी किया है। अभिनेत्री ने अपकमिंग वेब सीरीज को परिवार, प्यार, भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने वाली एक दिलकश कहानी बताया है। बालाजी टेलीफिल्म्स निर्मित यह शो दर्शकों को एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट की भावुक कहानी के माध्यम से खाने की खुशबू, यादों और रिश्तों की गहराई दिखाएगा। शो की कहानी एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टिके रहने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस सीरीज के केंद्र में मीरा नायर हैं, जिनका किरदार शाइनी दोशी ने निभाया है। मीरा एक भावुक शेफ है, जो मानती है कि खाना सिर्फ खाना नहीं, बल्कि सेवा, सुकून और जिम्मेदारी है। अपने दिवंगत पिता की विरासत को संभालते हुए वह रेस्टोरेंट को सिर्फ एक बिजनेस नहीं, बल्कि अपनी भावनाओं और मूल्यों का हिस्सा मानती है। कहानी आगे बढ़ती है और अभिषेक कुमार के निभाए किरदार अर्जुन ठाकुर की एंट्री होती है, जो एक शेफ और इन्वेस्टर हैं। जब वह मीरा के रेस्टोरेंट में आता है, तो मीरा की दुनिया हिल जाती है। अर्जुन रेस्टोरेंट को फिर से खड़ा करने का वादा करते हैं, लेकिन साथ ही मीरा की उन सारी चीजों को बदलने का खतरा भी पैदा करते हैं जो उनके दिल के सबसे करीब हैं।

सुरभि ने इसे अपने करियर का नया अध्याय बताया और कहा कि वह आगे बढ़ते रहना चाहती हैं। सुरभि चंदना ने शो के बारे में बात करते हुए बताया, 'इश्क दम और इडली रसम' बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। यह शो मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें दिल, अपनापन और सादगी भरपूर है। शुरुआत से ही मुझे इस प्रोजेक्ट से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। कैमरे के पीछे क्रिएटिव जर्नी का हिस्सा बनना और कहानी से भावनात्मक रूप से जुड़ना मेरे लिए बेहद खूबसूरत अनुभव रहा है। यह शो प्यार, परिवार, भावनाओं और संस्कृति का ताजगी भरे अंदाज में जश्न मनाता है।

वहीं, अभिषेक कुमार ने अपने किरदार अर्जुन ठाकुर के बारे में बात करते हुए कहा, यह कोई आम लव स्टोरी या टिपिकल शेफ ड्रामा नहीं है।



यहां खाना लोगों की भावनाओं, नियंत्रण और अतीत को समझने का जरिया है। अर्जुन उन सबसे मुश्किल किरदारों में से एक है जिन्हें मैंने निभाया है। यह किरदार गंभीर, नियंत्रित और भावनाओं को छुपाने वाला है। इस शो के जरिए मुझे एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने का मौका मिला है।

शो में शाइनी दोशी, अभिषेक कुमार के अलावा नेहा लक्ष्मी अय्यर, अमन सिंह, प्रेरणा सहगल, विजया लक्ष्मी गुरव और करण खन्ना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। बालाजी टेलीफिल्म्स निर्मित और फील गुड स्टूडियोज की सुरभि चंदना द्वारा एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूस किया गया 'इश्क दम और इडली रसम' 11 मई को यूट्यूब पर स्ट्रीम होगी।

# प्रभास की फौजी की रिलीज डेट लॉक्ड, दशहरा 2026 के मौके पर होगा बॉक्स ऑफिस पर धमाका




रेबल स्टार प्रभास एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं, बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म फौजी के साथ, जिसका निर्देशन हनु राघवपुडी ने किया है. यह फिल्म गुलशन कुमार और भूषण कुमार के टी-सीरीज के साथ पेश की जा रही है और इसका निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले किया गया है.

फिल्म निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फौजी 2026 में दशहरा उत्सव के दौरान बड़े पर्दे पर रिलीज होगी. फिल्म का पहला लुक पहले ही जारी किया जा चुका है और प्रशंसकों से इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है.

टीम के अनुसार, फौजी की शूटिंग फिल्म पूरी होने तक बिना किसी रुकावट के जारी रहेगी. फिल्म को बेहतरीन प्रोडक्शन और विशेषज्ञ तकनीकी ज्ञान से सजी एक शानदार फिल्म बताया जा रहा है.

भाव और भव्यता दोनों को कुशलता से संभालने के लिए जाने जाने वाले हनु राघवपुडी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभास एक बिल्कुल नए रूप में चमके. फिल्म में इमानवी नायिका के रूप में होंगी, साथ ही अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, जयप्रदा और भानु चंदर जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आएंगे.

फौजी की तकनीकी टीम में उद्योग जगत के कुछ बेहतरीन लोग शामिल हैं. सुदीप चटर्जी सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं. विशाल चंद्रशेखर संगीत दे रहे हैं. अनिल विलास जाधव प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और कोटागिरी वेंकटेश्वर राव फिल्म का संपादन कर रहे हैं.गीत कृष्णकांत ने लिखे हैं, कोरियोग्राफी प्रेम रक्षित ने की है, वेशभूषा शीतल इकबाल शर्मा और टी विजय भास्कर ने डिजाइन की है, और विजुअल इफेक्ट्स आरसी कमला कन्नन ने तैयार किए हैं.

### नितिन और वी.आई. आनंद की अनोखी साइंस-फाई एंटरटेनर नितिन36 की घोषणा, शूटिंग जल्द शुरू होगी

शानदार परफ़ॉर्मर नितिन ने एक रोमांचक नए प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है, जिसका नाम अभी नितिन36 रखा गया है। इसे इनोवेटिव फ़िल्ममेकर वीआई आनंद डायरेक्ट करेंगे और इसे सफल प्रोडक्शन हाउस श्रीनिवासा सिल्वर स्क्रीन बैनर के तहत श्रीनिवासा चिट्टूरी बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस करेंगे, और पवन कुमार फ़िल्म को पेश करेंगे। इस साइंस-फ़िक्शन एंटरटेनर की घोषणा आज रथसप्तमी के मौके पर की गई।अपने खास सब्जेक्ट्स और ज़बरदस्त कहानी कहने के अंदाज़ के लिए मशहूर, वीआई आनंद इस महत्वाकांक्षी नए प्रोजेक्ट के साथ क्रिएटिव सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो एक क्रेज़ी सिनेमैटिक अनुभव देने का वादा करता है। ऊरू पेरू भैरवकोना के बाद, यह दूरदर्शी डायरेक्टर एक हाई-कॉन्सेप्ट साइंस-फिक्शन एंटरटेनर के साथ दर्शकों को एक बार फिर लुभाने की तैयारी कर रहा है।

# घर पर फल का जूस बनाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, फायदे होंगे ज्यादा



आजकल बाजार में मिलने वाले फलों के जूस में अप्राकृतिक रंग और स्वाद मिलाने के साथ-साथ शक्कर भी मिलाई जाती है, जिससे उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप घर पर ही ताजे और मौसमी फलों से जूस बनाएं क्योंकि इससे आपको कई पोषक तत्व मिलेंगे। हालांकि, जूस बनाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए जानते हैं कि फल का जूस बनाते समय क्या-क्या ध्यान रखना चाहिए।

## ताजे और मौसमी फल चुनें

फल का जूस बनाने के लिए हमेशा ताजे और मौसमी फलों का ही चयन करें। इससे न केवल आपको भरपूर पोषण मिलेगा, बल्कि जूस की ताजगी और स्वाद भी बेहतरीन रहेगा। इसके अतिरिक्त मौसमी फल अधिक सस्ते भी होते हैं। इसके साथ ही जूस बनाते समय फल को काटने से पहले उसे अच्छे से धो लें ताकि उस पर लगे कीटाणु और कीटनाशक आदि दूर हो जाएं। इस प्रकार जूस बनाने के लिए सही फलों का चयन करें।

## मौसम के अनुसार चुनें फल का जूस

अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो उनके लिए जूस बनाते समय मौसम के अनुसार ही फल चुनें। उदाहरण के लिए गर्मियों में तरबूज, खरबूज और आम का जूस बनाना अच्छा है, जबकि बारिश के मौसम में संतरे, लीची, अनार और अंगूर आदि का जूस बनाना बेहतर है, वहीं सर्दियों में अनार, संतरा, अंगूर और सेब आदि का जूस बनाएं। इससे बच्चों को ताजगी और ऊर्जा मिलेगी, साथ ही वे बीमारियों से भी दूर रहेंगे।

## चीनी का प्रयोग न करें

फल अपने आप में मीठे होते हैं और फल का जूस बनाते समय आपको चीनी का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, फल का जूस बनाने के लिए लोग अक्सर शक्कर डालते हैं, लेकिन इससे जूस की पौष्टिकता कम हो जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप चीनी की बजाय फल की मिठास पर ध्यान दें। अगर आपको फल का जूस थोड़ा फीका लगता है तो उसमें थोड़ा शहद मिलाएं।

## जूस बनाते समय पानी का इस्तेमाल है गलत

अगर आप फल का जूस बनाने के लिए फल को जूसर में डालते समय पानी डालते हैं तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती हो सकती है। इससे जूस की पौष्टिकता कम हो जाती है। इसलिए आप चाहें तो फल को जूसर में डालकर उसे मिक्सर ग्राइंडर कर सकते हैं। इससे आपके जूस में किसी भी तरह का पोषक तत्व कम नहीं होगा। हालांकि, अगर आप मिक्सर ग्राइंडर का इस्तेमाल करते हैं तो उसमें पानी की जगह बर्फ डालें।

## जूस बनाने के बाद इसे स्टोर करने की गलती न करें

अगर आप फल का जूस बनाकर उसे कुछ घंटों बाद पीते हैं तो ऐसा करने से बचें क्योंकि इससे जूस के पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। दरअसल, जूस बनाने के बाद कुछ मिनट तक ही उसका सेवन करना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जूस को एयरटाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं। इससे जूस का स्वाद और उसकी पौष्टिकता बरकरार रहेगी।

# चाय के शौकीन हैं? इन 5 गलतियों से बचें, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है बुरा असर

चाय का स्वाद और उसके फायदे सभी को भाते हैं। लेकिन, चाय पीने का तरीका और समय इसका असर बदल सकता है। कई लोग बिना सोचे-समझे चाय का सेवन करते हैं, जिससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। आइए आज हम आपको चाय पीने से जुड़ी कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

## खाली पेट चाय न पिएं

खाली पेट चाय पीना एक आम गलती है, जिसे कई लोग अनजाने में करते हैं। इससे पेट में जलन, गैस और खट्टी डकार जैसी समस्याएं हो सकती हैं। खाली पेट चाय पीने से शरीर में खट्टापन बढ़ जाता है, जो पाचन पर असर डालता है। इसके अलावा यह आपके ऊर्जा स्तर को भी कम कर सकता है। इसलिए हमेशा नाश्ता करने के बाद ही चाय का सेवन करें ताकि पेट में स्थिरता बनी रहे।

## चीनी का अधिक सेवन न करें

चाय में चीनी मिलाना आम बात है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ज्यादा चीनी मिलाने से वजन बढ़ सकता है, दांतों में सड़न हो सकती है और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा ज्यादा मीठी चाय पीने से शरीर में सूजन भी हो सकती है। इसलिए कोशिश करें कि चाय में कम से कम चीनी मिलाई जाए या फिर चीनी के विकल्प जैसे शहद या गुड़ का इस्तेमाल करें।

## दूध वाली चाय का सेवन सीमित रखें

दूध वाली चाय का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन इसका अधिक सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा दूध वाली चाय पीने से शरीर में चर्बी की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा रहता है। इसके अलावा इससे पाचन पर भी बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दिन में एक या दो कप ही दूध वाली चाय का सेवन करें और बाकी समय हर्बल या बिना दूध वाली चाय पिएं।

## देर रात चाय न पिएं



देर रात चाय पीने से नींद पर बुरा असर पड़ता है। कैफीन युक्त चाय पीने से नींद जल्दी नहीं आती और अगर आती भी है तो बार-बार टूट जाती है। इससे अगली सुबह थकान महसूस होती है और दिनचर्या प्रभावित होती है। इसके अलावा देर रात चाय पीने से पाचन पर भी असर होता है, जिससे नींद की समस्या बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि रात का खाना खाने के बाद कम से कम 2 घंटे तक चाय न पिएं।

## चाय बनाने का तरीका सही रखें

चाय बनाते समय पानी को ज्यादा देर तक न उबालें और न ही उसमें ज्यादा देर तक चायपत्ती छोड़ें। इससे न केवल उसका स्वाद बिगड़ जाता है, बल्कि उसमें मौजूद पोषक तत्व भी कम हो जाते हैं। बेहतर होगा कि आप चाय को हल्का ही उबालें और उसमें चायपत्ती को ज्यादा देर तक न छोड़ें। इससे आपकी चाय स्वादिष्ट बनेगी और उसमें मौजूद पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे।

# ट्रंप ने अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव पर ईरानी प्रतिक्रिया को खारिज किया, कहा- बिल्कुल अस्वीकार्य



वाशिंगटन, (आरएनएस)। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को कम करने के लिए अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव पर ईरान ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाराज हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में ईरान के रुख को पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए लिखा कि उन्हें ईरानी प्रतिनिधियों का जवाब पसंद नहीं आया। अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान की सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने से शांति वार्ता को एक बार फिर झटका लगा है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा है। मुझे यह पसंद नहीं आया— यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हालांकि, राष्ट्रपति ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। बता दें कि अमेरिका ने शांति वार्ता को फिर से शुरू करने और 10 सप्ताह से चल रहे उस संघर्ष को कम करने के लिए यह प्रस्ताव रखा था। माना जा रहा है कि प्रस्ताव में ईरान की कई प्रमुख मांगे नहीं थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन का कहना है कि तेहरान नेतृत्व ने नवीनतम अमेरिकी प्रस्ताव को आत्मसमर्पण के समान माना है। तेहरान ने प्रस्ताव में अमेरिका द्वारा युद्ध क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की पूर्ण संप्रभुता, प्रतिबंधों की समाप्ति और जब्त की गई ईरानी संपत्तियों की रिहाई को शामिल करने पर जोर दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में अमेरिका से नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करने और ईरानी तेल की बिक्र ी पर लगे प्रतिबंधों को हटाने का भी आह्वान किया गया है।सूत्रों का कहना है कि तेहरान ने अमेरिका से गारंटी मांगी है कि आगे कोई और हमला नहीं होगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम सहित विवादास्पद मुद्दों पर व्यापक बातचीत शुरू होने से पहले लड़ाई समाप्त करने की मांग है। साथ ही, ईरान ने अपने अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम भंडार के एक हिस्से को कम करने और शेष सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का भी सुझाव दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर में मिली हार से बौखलाए आर्मी चीफ असीम मुनीर ने उगला जहर, भारत को दी गीदड़भभकी

*रावलपिंडी (ए.)। भारत के हाथों 'ऑपरेशन सिंदूर' में मिली करारी हार का दर्द पाकिस्तान आज तक नहीं भूल पाया है। इस ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई को एक साल पूरा होने के मौके पर*



*पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की बौखलाहट एक बार फिर दुनिया के सामने आ गई है। रावलपिंडी के जनरल हेडक्वार्टर (GHQ) में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुनीर ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। वायुसेना और नौसेना प्रमुखों की मौजूदगी में मुनीर ने अपनी सेना की गिरती साख बचाने के लिए सरेआम झूठ का पिटारा खोल दिया और अपनी खीझ मिटाने के लिए भारत को खोखली गीदड़भभकी दे डाली।अपने भाषण में असीम मुनीर ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हुए झूठा आरोप लगाया कि पिछले साल 6 से 10 मई के बीच भारत ने बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया था। बौखलाए मुनीर ने आगे शेखी बघारते हुए कहा कि दुश्मनों को यह जान लेना चाहिए कि भविष्य में ऐसी कोई भी कोशिश हुई, तो युद्ध का दायरा सीमित नहीं रहेगा और इसके अंजाम बेहद दर्दनाक होंगे। अपनी हार पर पर्दा डालने के लिए मुनीर ने 2001 के संसद हमले, 2008 के मुंबई हमले और उरी व पुलवामा जैसी आतंकी घटनाओं के बाद भारत की कड़ी जवाबी कार्रवाइयों को भी 'फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन' करार देकर दुनिया को गुमराह करने की नाकाम कोशिश की।*

## काठमांडू के हवाई अड्डे पर उतरते समय तुर्की एयरलाइंस के पहिये में लगी आग, हादसा टला

काठमाण्डू,(आरएनएस)। नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां सुबह साढ़े 6 बजे इस्तांबुल से काठमांडू पहुंची तुर्की एयरलाइंस के विमान के पहिये में हवाई अड्डे पर उतरते समय आग लग गई, जिसके बाद तुरंत सुरक्षा उपाय लागू किए गए। मौके पर तैनात दमकल कर्मियों ने तुरंत आग पर काबू पाया और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। इस दौरान हवाई अड्डे को डेढ़ घंटे के लिए बंद करना पड़ा।



रिपोर्ट के मुताबिक, हवाई अड्डे पर उतरते समय उड़ान टीके726 के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगी थी। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल ने बताया कि इस दौरान हवाई अड्डा सुबह 8-12 बजे तक बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों को निकासी स्लाइड से निकाला गया, जिसमें 2 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। कठोर लैंडिंग, टायर दबाव और अन्य तकनीकी समस्या को कारण बताया जा है। हालांकि, जांच जारी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के समय विमान में चालक दल के 11 सदस्यों समेत कुल 288 लोग सवार थे। पहिये में आग के बाद विमान का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रनवे और शेष 70 प्रतिशत टैक्सीवे पर था, जिसके कारण सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोकनी पड़ीं। इनमें दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-215 और शारजाह से आने वाली एयर अरबिया की फ्लाइट जी9 536 शामिल थीं। तकनीकी जांच जारी रहने तक तुर्की विमान उड़ान नहीं भरेगा।

## अमेरिका को ईरान पर आसान जीत और सत्ता परिवर्तन का भरोसा नहीं दिलाया


### इजराइली पीएम नेतन्याहू बोले- शुरुआत से ही जोखिमों के बारे में चेतावनी दी थी

तेल अवीव,(ए.)। ईरान युद्ध के दो महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। बार-बार युद्धविराम के प्रयास विफल होने और होर्मुज को लेकर तनाव वैश्विक चिंताओं पर हावी रहने के बीच, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण जारी किया जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने अमेरिका को यह विश्वास दिलाया था कि ईरान के साथ युद्ध आसान होगा और तेहरान में सत्ता परिवर्तन को गति दे सकता है।



एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने शुरुआत से ही जोखिमों के बारे में चेतावनी दी थी। मेजर गैरेट के साथ बातचीत में नेतन्याहू से अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, जिसमें ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमलों से कुछ दिन पहले, 11 फरवरी को व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में हुई चर्चाओं का वर्णन किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने यह जताते हुए ज़ोरदार प्रचार किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की अपार संभावना है और अमेरिका-इजराइल के समन्वित अभियान से अंततः इस्लामी गणराज्य का पतन हो सकता है। इस दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए नेतन्याहू ने कहा कि नहीं। यह वास्तव में गलत है...यह इस मायने में गलत है कि मैंने कहा, ओह, ठीक है, यह निश्चित है कि हम ऐसा कर सकते हैं, इत्यादि।

## रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की होगी अदला-बदली, कीव ने 1,000 कैदियों की लिस्ट सौंपी



कीव (आरएनएस)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने रूस को कैदियों की अदला-बदली के लिए 1,000 कैदियों की लिस्ट सौंपी है। राष्ट्रपति की प्रेस सर्विस ने यह जानकारी दी। वहीं दोनों देशों ने एक-दूसरे पर तीन दिनों का सीजफायर तोड़ने का आरोप भी लगाया है। रविवार को शाम को अपने भाषण में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, 1,000 के बदले 1,000 कैदियों की अदला-बदली की तैयारी हो रही है और यह होनी ही चाहिए। अमेरिकियों ने इन गारंटियों की जिम्मेदारी ली है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस के साथ लड़ाई खत्म होनी चाहिए और भरोसेमंद सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए।उन्होंने कहा, अब (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन खुद कह रहे हैं कि वह आखिरकार असली मीटिंग के लिए तैयार हैं। हमने उन्हें इसके लिए थोड़ा जोर दिया और हम खुद भी लंबे समय से ऐसी मीटिंग के लिए तैयार हैं। अब एक फॉर्मेट ढूंढना होगा।रूस और यूक्रेन शुक्रवार को तीन दिन के सीजफायर और 1,000 कैदियों की अदला-बदली पर राजी हुए।

## थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा जेल से रिहा

बैंकॉक(ए.)। थाईलैंड की राजनीति के सबसे प्रभावशाली और विवादित चेहरों में से एक, पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को रविवार को बैंकॉक की जेल से पैरोल पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में एक साल की सजा काट रहे 76 वर्षीय थाकसिन ने लगभग आठ महीने हिरासत में बिताए। उनकी रिहाई के समय बैंकॉक की क्लोंग प्रेम सेंट्रल जेल के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करीब 300 समर्थक और राजनीतिक सहयोगी जुटे थे, जिन्होंने वी लव थाकसिन के नारों के साथ उनका स्वागत किया।सफेद पोलो टी-शर्ट और नीली पैंट पहने थाकसिन जब जेल से बाहर निकले, तो उनके परिवार ने उनका स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें लाल गुलाब भेंट किए, हालांकि थाकसिन ने मीडिया से कोई औपचारिक बातचीत नहीं की। दूरसंचार क्षेत्र के अरबपति कारोबारी रहे थाकसिन 2001 में प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन 2006 में सैन्य तख्तापलट के जरिए उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। लगभग 15 साल के निर्वासन के बाद वे 2023 में स्वदेश लौटे थे। शुरुआत में उन्हें आठ साल की सजा सुनाई गई थी, जिसे बाद में थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने घटाकर एक साल कर दिया था।न्याय मंत्रालय की समिति ने उनकी बढ़ती उम्र, अच्छे आचरण और खराब स्वास्थ्य को आधार मानकर उन्हें पैरोल की मंजूरी दी है।

## डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर रहेंगे, ईरान युद्ध एजेंडे में

बीजिंग,(आरएनएस)। ईरान के साथ युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते चीन के दौरे पर जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ट्रंप चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 13 मई से 15 मई तक राजकीय यात्रा पर रहेंगे। ट्रंप को यह दौरा मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत में यात्रा करनी थी, लेकिन ईरान युद्ध पर ध्यान केंद्रित करने के कारण उन्होंने यात्रा रद्द कर दी थी।अमेरिका में सत्ता में वापसी के बाद ट्रंप की यह पहली चीन की 2 दिवसीय यात्रा है, जो अमेरिका-चीन संबंधों के नाजुक दौर में हो रही है। इससे पहले दोनों वैश्विक नेताओं ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया में मुलाकात की थी। ट्रंप की यात्रा के दौरान उनका औपचारिक स्वागत समारोह होगा और शी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता होगी। शी ने उनके लिए राजकीय भोज का आयोजन किया है। ट्रंप ऐतिहासिक स्वर्ग मंदिर तियानतान का भ्रमण भी करेंगे। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार शुल्क, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ताइवान और महत्वपूर्ण खनिजों को लेकर पहले से टकराव है, जिसको इस यात्रा के जरिए स्थिर करने की कोशिश रहेगी। यात्रा से पहले ही वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान ट्रंप के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल रहेगा।

# खेल समाचार

## तीरंदाजी विश्व कप 2026: भारतीय महिला टीम का कमाल, 2021 के बाद जीता पहला स्वर्ण पदक




शंघाई, (ए.)। भारतीय महिला रिकर्व टीम ने तीरंदाजी विश्व कप 2026 के दूसरे चरण में इतिहास रच दिया. दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम मोहोद की भारतीय टीम ने मेजबान चीन को शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक अंतिम मुकाबले में भारत ने पहला सेट जीता, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया. निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण मैच का नतीजा शूट-ऑफ में निकला.

भारतीय टीम ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की. अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम 'शूट-ऑफ' तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

यह टूर्नामेंट में भारत का दूसरा पदक है. इससे पहले, विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को पुरुषों के कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता था. कांस्य पदक के मैच में उन्होंने डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराया।

अपने अभियान के दौरान, साहिल रैंकिंग राउंड में आठवें स्थान पर रहे और फिर क्वार्टरफाइनल में निको वीनर (ऑस्ट्रिया) को हराया, जिसके बाद सेमीफाइनल में उन्हें निकोलस गिरार्ड (फ्रांस) से हार का सामना करना पड़ा।

भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है. सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी।

## आईपीएल 2026: चेपॉक में उर्विल पटेल का आया तूफान, 13 गेंदों में फिफ्टी जड़कर बदला आईपीएल का इतिहास

नईदिल्ली, (ए.) । चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने आईपीएल के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में टूर्नामेंट के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक बनाया।

इस दौरान उर्विल ने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया. इसके साथ उन्होंने यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. जायसवाल ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

हालांकि उर्विल पटेल की ये पारी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी औ 23 गेंदों में 65 रन बनाकर ही आउट हो गए. इस दौरान ने उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 8 छक्के लगाए. उर्विल की इस पारी की वजह से सीएसके 204 रनों के विशाल लक्ष्य को चेज करने में काफी सहज दिखी।

उर्विल ने अपनी पारी की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की और 10 गेंद में ही 42 रन जड़ दिए. जिसके साथ वो आईपीएल के इतिहास में पहली 10 गेंद पर सबसे ज्यादा रन बनाने का एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. जिन्होंने 10 गेंद में 41 रन बनाए थे।

# नेशंस कप को देखते हुए अभ्यास शिविर में तैयारी करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय महिला हॉकी टीम को अगले माह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक एफआईएच नेशंस कप में खेलना है। इसके अलावा उसे ओलंपिक क्वालिफिकेशन की भी तैयारी करनी है। इसी को देखते हुए टीम ने एक अभ्यास शिविर लगाया है। ये इसी माह 20 मई तक चलेगा। गौरतलब है कि एफआईएच नेशंस कप जीतने वाली टीम को 2026-27 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सीधे प्रवेश मिलेगा। इसके बाद, प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करने का अवस मिलेगा, जिससे भारतीय हॉकी के लिए नेशंव कप काफी अहम है। इसके अलावा, टीम की नजरें अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 और जापान में सितंबर-अक्टूबर में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों पर भी लगी हैं।

मुख्य कोच शॉर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित हो रहे इस शिविर में उन्हीं 31 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो अप्रैल के पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं। यह टीम प्रबंधन के निरंतर रवैये को दर्शाता है, जहां खिलाड़ियों की फिटनेस स्तर को और बेहतर बनाने, टीम संयोजन को मजबूत करने और तकनी कौशल में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनुभवी और युवा प्रतिभा का यह मिश्रण भारतीय टीम की गहराई और लचीलेपन को दर्शाता है। गोलकीपिंग विभाग में अनुभवी सविता के साथ माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम मौजूद हैं,डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में सुशीला चानू, मनीषा चौहान, वैष्णवी फाल्के, नेहा, साक्षी राणा, सुनीता टोप्पो और इशिका जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो और संगीता कुमारी जैसी आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिनसे गोल दागने की उम्मीद है।

## आरसीबी कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना, एमआई के खिलाफ मैच के दौरान की थी ये बड़ी गलती

नईदिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर को मैच के दौरान चौथे अंपायर से बहस करना भारी पड़ा गया. क्योंकि बीसीसीआई ने उन के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चौथे अंपायर से गुस्से में बहस करने की वजह से जुर्माना लगा दिया है. IPL की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए फ्लावर की मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



आईपीएल ने अपने बयान में कहा, एंडी को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान अश्लील शब्दों के इस्तेमाल से संबंधित है. इसी वजह से उनपर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगया गया हैं।

यह घटना 17.2 ओवर में हुई, जब क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद एंडी ने चौथे अंपायर से आक्रामक तरीके से बात की. गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर हवा में उछाला, जहां नमन धीर ने बाउंड्री लाइन के पास कैच लपका और फिर उसे तिलक वर्मा की ओर उछाल दिया. तिलक कैच पूरा नहीं कर पाए और उन्हें ऐसा लगा कि नमन ने छक्के का इशारा किया है. शायद उन्हें लगा कि नमन का एक जूता बाउंड्री कुशन से टकरा गया है।

## रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने 2 विकेट से मारी बाजी, मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से हुआ बाहर

नईदिल्ली, (ए.) । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 167 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अंक तालिका में 14 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर पहुंच गया है, तो वहीं मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई है. इससे पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स सीएसके से हारकर प्लेऑफ से बाहर हुआ था।

मुंबई के 167 रनों के जवाब में आरसीबी को लक्ष्य हासिल करने में काफी ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ा. क्योंकि इस छोटे से लक्ष्य को हासिल करने के लिए 20 ओवर तक बल्लेबाजी करनी पड़ी. इस दौरान उन्होंने अपने 8 विकेट भी खो दिए. आरसीबी की शुरुआत खराब रही जिसने पावरप्ले में विराट कोहली (शून्य), देवदत्त पडिक्कल (12) और कप्तान रजत पाटीदार (08) के विकेट गंवा दिए.लेकिन कृणाल एक छोर पर डटे रहे, उन्होंने बेथेल के साथ मिलकर जिम्मेदारी संभाली. कृणाल 73 रन (46 गेंद में चार चौके और पांच छक्के) और जैकब बेथेल (27) के बीच चौथे विकेट के लिए 42 गेंद में 55 रन की भागीदारी के दम पर आरसीबी ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।

# आईपीएल में आज प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेंगे गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद




अहमदाबाद (ए.)। आईपीएल में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनों ही टीमों का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ में जगह बनाना रहेगा। दोनों ही टीमों ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 मैचों में 14 अंक हासिल किये है और बेहतर नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। वहीं गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 14 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दोनों ही टीमें तकरीबन बराबरी पर हैं ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है। इनका लक्ष्य अब ये मैच जीतकर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी अच्छी रही है और वह जीत की दावेदार है। उसके पास साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज हैं।

वहीं पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स के पास भी वैभव सूर्यवंशी ओर यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाज हैं। दोनो ही टीमों की गेंदबाजी भी अच्छी है सनराइजर्स के पास पैट कमिंट जबकि गुजरात के पास कागिसो रबाडा जैसा गेंदबाज है।

अब तक दोनो के बीच 6 मुकाबले हुए हैं उसमें से गुजरान ने 5 जबकि सनराइजर्स ने 1 जीता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, राहुल तेवतिया, निशांत सिंधु, राशिद खान, अरशद खान, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज।

इम्पैक्ट प्लेयर- साई किशोर

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, सलिल अरोड़ा, स्मरण रविचंद्रन, शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन

# व्यापारियों को आरक्षण नहीं संरक्षण चाहिए

## देश की तरक्की में व्यापारियों का रहता है बड़ा योगदान

**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। देश की तरक्की में व्यापारियों का विशेष योगदान रहता है। क्योंकि सबसे अधिक ट्रैक्स व्यापारी देते हैं। आम जनता को उनकी आवश्यकतानुसार सामग्री की उपलब्धता कराने में व्यापारियों की भूमिका अहम होती हैं। व्यापारियों से कई लोगों का रोजगार भी जुड़ा होता है। चाहे लोडिंग हो या अनलोडिंग सहित अन्य कई तरह के कार्य करने वालों को भी आमदनी होती है। इस व्यवस्था में व्यापारियों को मुनाफा जरूर मिलता है। लेकिन तरह तरह की सामग्री के लिए अलग अलग व्यापारी व्यवस्था करते हैं तब कार्य चलता है। जैसे रोटी कपड़ा या मकान से संबंधित ही तरह तरह की सामग्री ही क्यों न हो। उनके क्रय विक्रय से ही दोनों पक्षों का काम चलता है। व्यापारी शासन प्रशासन से आरक्षण नहीं संरक्षण की अपेक्षा रखता है। व्यापारी को एक तरह से महाजन भी कहा जाता है। उसको सभी लोगों से मधुर व्यवहार रखने होते हैं। वह स्वाभाविक रूप से लड़ाकू नहीं होता है। उसे आम लोगों से व्यवसाय करना होता है इसलिए सभी के प्रति उसकी एकसी भावना होता है।

### सर्व धर्म समभाव

व्यापारियों का किसी धर्म विशेष से जुड़ाव नहीं होता है सर्व धर्म वालों के साथ उनका समभाव रहता है। वह सभी से भाईचारा निभाता है। अनेक बार परिस्थियां विपरीत भी हो जाती हैं तब भी वह धैर्य रखता है। कोई भी दल हो उसने के साथ भी व्यापारी का वही भाव होता है।

### कई तरह के लोगों को करना पड़ता है फेश

अपने व्यापार व्यसाय के लिए उसके समक्ष अनेक तरह की कठिनाईयां भी आती हैं इसके बाद भी उसे अपना व्यापार करना पड़ता है। उसके सामने कई तरह के लोग आते जाते हैं उन्हें फेश करना होता है।

### मिलते हैं कई तरह के अनुभव

प्राय: अधिकांश व्यापारी पढ़े लिखे होते हैं। उसमें शालीनता भी होती है। व्यापारी को व्यापार व्यवसाय के दौरान कई तरह के खट्टे मीठे अनुभव मिलते हैं। कई तरह की सीख मिलती है। मुनाफा के साथ कभी कभी नुकसान भी होता है। जिसे वह स्वयं भुगतता है।

### आपदा में सहयोगी बनता है व्यापारी

जब कभी कोई आपदा आती है तब व्यापारी समाज के प्रति सहयोगी बनने में देर नहीं करता है। अनेक बार देखने को मिला है कि मां नर्मदा की बाढ़ आने पर व्यापारियों के द्वारा बाढ़ पीडितों या प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों को सहयोग की आवश्यकता होती है तव वह तन मन धन से सहयोग करने में भी पीछे नहीं हटता है। कोरोना के दौरान भी सहयोग किया था। शासन प्रशासन के अन्य अनेक कार्यक्रमों में भी सहयोगी रहता है। जैसे पिछले कुछ समय पूर्व दिव्यांग जनों का विवाह हुआ था तब व्यापारियों ने भी अपना सहयोग दिया था।

### व्यापारी के प्रति प्रेम भावना होना चाहिए

व्यापारी डरता भी है। अनेक बार शासन प्रशासन के कुछ लोग डराने की कोशिश भी करते हैं। व्यापारियों के साथ हीन भावना की जाने लगती है। जबकि वह सहयोग करने को तैयार होता है। यदि उसने सामग्री को दिखाने के लिए सड़क के पास या सड़क पर रख दी है तो उसे अतिक्रमण कह कर डराया जाता है। वह उसे हटा भी लेता है। बड़े शहरों की तरह व्यापारी भी चाहता है कि चौराहों से करीब 100-200 मीटर के दायरे में हाथ ठेले खड़े नहीं हों। चौराहों से दूर हों। जिससे यातायात व्यवस्था ठीक रहे।

## एनसीसी कैडेट वार्षिक प्रशिक्षण के लिए रवाना



नर्मदापुरम (निप्र)। 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल के 18 एनसीसी कैडेट्स का समूह प्रशिक्षण स्थल 13 मध्यप्रदेश बटालियन परिसर के समीप ज्ञानोदय स्कूल ओल्ड वीटीआई नर्मदापुरम में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए उत्साहपूर्वक आज एसोसिएट एनसीसी आफिसर एसओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रवाना हुआ। संस्था निदेशक डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य श्रीमति प्रेरणा रावत, उप प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी ने इन सभी केडिट्स को शुभकामनाएं देते हुए रवाना करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आप एनसीसी केडिट्स में देशप्रेम, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करना है।। एएसओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इस शिविर में कैडेटों को फायरिंग, ड्रिल, आपदा प्रबंधन और साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## रोजगार का सुनहरा अवसर

### युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन

### 14 मई को सोहागपुर में लगेगा रोजगार मेला

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन प्रशासन के द्वारा हर माह जिले में रोजगार कार्यालय के सहयोग से रोजगार स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं को लाभांवित करने के लिए जिला मुख्यालय के अलावा अन्य तहसील स्तर पर भी रोजगार युवा संगम रोजगार स्वरोजगार मेला का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियां भी आ रही हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार इस बार पं जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में युवा रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अनेक कंपनियों ने आने की स्वीकृति प्रदान की है। प्रमुख रूप से जो कंपनियां आ रही हैं उनमें 1 ग्रू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड मोहसा औद्योगिक क्षेत्र नर्मदापुरम, 2 ट्राईडेट बुधनी, 3 वर्धमान बुधनी 4 टीएम गुजरात 5 पांडव होटलस 6आईसर 7 मैन्युफैक्करर्स प्राइवेट औबेदुल्लागंज लिमिटेड 8 टाटा मोटर्स एवं कुल 20 कंपनियां 14 मई को आयोजित रोजगार मेले में उपस्थित रहेंगी। रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट आफिसर धर्मेश तिवारी ने शिक्षित बेरोजगार युवओं से आग्रह किया है कि सोहागपुर में आयोजित होने वाले इस रोजगार स्वरोजगार मेले में आकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# इंदिरा ज्योति यात्रा का शहर में हुआ स्वागत

## चले रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा के दौरान तिलक भवन में हुई सभा

नर्मदापुरम (निप्र)। इंदिरा ज्योति यात्रा का शहर में अनेक स्थानों पर स्वागत हुआ। यात्रा से पूर्व निजी होटल में भास्कर राव रोकड़े ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 12 जुलाई 2024 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मानने की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करने के साथ ही देश में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ मनगड़ंत दुष्प्रचार शुरू हो गया। सम्यक अभियान की प्रेरणाश्रोत इंदिरा गांधी है। जो हमारे बीच न होकर भी कार्यों विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों के रूप में हमें सदैव अपनी मौजूदगी का अहसास कराती है। उन्होंने कहा कि जब इंदिरा माता के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हुआ तो चुपचाप सहन करते हुए बैठे रहना उचित नहीं था। इसलिए सम्यक अभियान भास्कर राव रोकड़े ने दिल्ली, मुंबई, भोपाल, नागपुर, जयपुर व लखनऊ में पत्रकार वार्ता आयोजित कर मीडिया के माध्यम से इंदिरा गांधी के कार्यों विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों को जन.जन तक पहुंचाना शुरू कर दिया। 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिराजी की 107 वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए बड़े परिवर्तन के लिए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई है।उन्ळोंने बताया कि इंदिराजी के 108 वें जयंती वर्ष को सृजन वर्ष के रूप में मनाते हुए वर्ष भर में छोटे.बड़े 108 आयोजन इंदिरा गांधी सृजन वर्ष समारोह के आयोजित किए गए तथा 108 वां समारोह इंदिराजी की 108 वीं



जयंती के दिन भोपाल में रविन्द्र भवन के पास मुक्ताकाश मंच में राष्ट्रीय.न्तर के समारोह के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भाग लिया तथा उसी दिन महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु चलें रामराज्य की ओर अभियान का शुभारंभ भी किया गया।यात्रा सेठानी घाट पहुंची जहां पर मां नर्मदा की पूजन अर्चन के बाद तिलक भवन में सभा हुई जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। इस यात्रा में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित यात्रा से जुडे कांग्रेसी भी शामिल रहे।

### चलें रामराज्य की ओर अभियान


भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि भोपाल के नवाब के आमंत्रण पर महात्मा गांधी 11 सितंबर 1929 को तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आए थे। उस समय के स्तंभकारों व पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि वे किस तरह से स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक सरकार बनाना चाहते है। भोपाल के बेनजीर मैदान में सभा को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि अंग्रेजों के जाने के बाद भारत में रामराज्य स्थापित किया जायेगा। उन्होंने रामराज्य को स्पष्ट करते हुए कहा था कि ऐसा ईश्वर का राज्य जिसमें भयए भ्रष्टाचार व भेदभाव नहीं होता। जिसमें न्याय सुगम होता है। कानून व्यवस्था राजा व प्रजा के लिए एक समान होती है। सभी सुखी होते हैं।उन्होंने बताया कि चलें रामराज्य की ओर अभियान के केंद्रीय समन्वयक एडवोकेट सैयद साजिद अली है। उनके साथ केंद्रीय एक्जीक्यूटिव कमेटी में एक सिक्ख एक ईसाई एक जैन एक बौद्ध एक एक ठाकुर, ब्राह्मण वैश्य ओबीसी ईबीसी एससी व एसटी के सदस्य शामिल है। यह अभियान फिलहाल मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ व राजस्थान में संचालित है। केंद्रीय कमेटी के समान ही प्रदेश व प्रांतीय कमेटियां गठित की गई है। गत 6 जनवरों को महात्मा गांधी ने छिंदवाड़ा के जिस चिटनिस गंज में 6 जनवरी 1921 को असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगरपालिका का आयोजन

### 15 मई को 11 हजार दीपों से होगी मां नर्मदा की आराधना

नर्मदापुरम( निप्र)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 अंतर्गत शहर को देश का प्रथम नंबर वन शहर बनाने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा सेठानी घाट पर शुक्रवार 15 मई 2026 को शाम 6 बजे से दीप महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेठानी घाट पर 11000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। 11 हजार दीपों से मां नर्मदा की आराधना की जाएगी। 'नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण एवं स्वच्छ भारत अभियान के तहत यह आयोजन किया जा रहा है।शहर के सभी नगरवासी गणमान्य नागरिक इस दीप महोत्सव में जुड़कर स्वच्छ शहर स्वस्थ शहर थीम को साकार करते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं शहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम को सहयोग करें। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने समूचे नगर के नागरिकों संस्थाओं स्वसहायता समूहों धार्मिक संगठनों को सादर आमंत्रित करते हुए आग्रह किया है मां नर्मदा की आराधना में शामिल हों और धर्मलाभ लें।

## नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के रूप में श्रीकांत बनोठ ने पदभार ग्रहण किया



नर्मदापुरम (निप्र)। नवागत संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय में नर्मदापुरम संभाग आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। श्री बनोठ इससे पूर्व आयुक्त सहसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश थे। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ मुलत; आंध्र प्रदेश से हैं तथा 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। इसके पूर्व श्री बनोठ हरदा एवं धार जिले के कलेक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजनाओं का किया जाए सत्यापन, नल कनेक्शन, पाइपलाइन एवं पेयजल गुणवत्ता की जाए जांच : सोमेश मिश्रा

### घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर तथा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर की जाए कठोर कार्रवाई

नर्मदापुरम ( निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम एवं सीएस मॉनिट प्रकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एलपीजी गैस आपूर्ति, जल जीवन मिशन, राजस्व प्रकरण, उपार्जन कार्य एवं जनगणना 2027 सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की गई।सीएम हेल्पलाइन में विभागीय रैंकिंग पर फोकस करें अधिकारी, नॉन अटेंडेड शिकायत पर संबंधित अधिकारी रेड क्रॉस सोसाइटी में जमा करेंगे जुर्मानाकलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की



विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ सिवनी मालवा को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तेजी लाएं तथा विभागीय रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फोर्स क्लोज के लिए अधिकारियों द्वारा भेजी जाने वाली शिकायतों में स्पष्ट अभिमत प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना स्पष्ट अभिमत के किसी भी शिकायत को फोर्स क्लोज नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को विभागीय स्तर पर टास्क फोर्स टीम गठित करने के निर्देश दिए, जो लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने हेतु कार्य करेगी। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग को शिकायतों के निराकरण में तत्परता दिखाने तथा राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

## जनगणना 2027 में ग्रामीण चार्ज सोहागपुर का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 सुपरवाइजर सम्मानित



नर्मदापुरम( निप्र)। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग गणना कार्य में ग्रामीण चार्ज सोहागपुर द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए अब तक कुल 92 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह उपलब्धि सभी सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों की मेहनत, समन्वय, कर्तव्यनिष्ठा एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिणाम है। ग्रामीण चार्ज सोहागपुर अंतर्गत सुपरवाइजर सर्किल क्रमांक 06, 15, 18, 22, 25 एवं 30 का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया गया। उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए संबंधित सुपरवाइजर प्रवीण दुबे, मोनिश अवस्थी, राजन रघुवंशी, निखिलेश रघुवंशी, के. एस. धुर्वे एवं चंद्रकांत पालीवाल को तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सोहागपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी रामकिशोर झरवडे ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने से अन्य कार्मिकों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से अपेक्षा की कि वे इसी उत्साह, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण करें, जिससे ग्रामीण चार्ज सोहागपुर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

## नर्मदापुरम विधायक की अनुशंसा पर 04 हितग्राहियों को उपचार हेतु 69 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से इटारसी एवं नर्मदापुरम क्षेत्र के 4 हितग्राहियों को उपचार हेतु 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम एवं इटारसी क्षेत्र के 2 हितग्राहियों को 25-25 हजार रूपये, 1 हितग्राही को 12 हजार रूपये, एवं 01 हितग्राही को 07 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## भारत पेशनर्स समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से की भेंट

***पेंशनर्स की समस्याओं से कराया अवगत***

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने जानकारी दी की पेशनर्स समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रर सोमेश मिश्रा से सौजन्यभेंट कर पेशनर्स की शासन स्तर पर लंवित मांगों एवं स्थानीय मांग तथा कुछ पेशनर्स की व्यक्तिगत समस्याओ के संबंध में ज्ञापन दिया। चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने नर्मदापुरम में पेशनर्स के लिये बैठक हाल एवं लाइब्रेरी तथा कार्यालय की मांग की जिसे कलेक्ट्रर ने उदारता से विचार करते हुऐ शीघ्र व्यवस्था करने का आश्वासन दिया पेशनर्स की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में राजेश चौरे प्रभात पांडे विजय वर्मा राजेन्द्र ठाकुर विनोद परसाई ओपी गुप्ता एम एल वर्मा वाय एन शर्मा हरि सिह सोलंकी बदन सिह तोमर मनमोहन राजपूत मायासिह गीता प्रसाद शर्मा सुभाष यादव गोदिया पवार आदि पेशनर्स उपस्थित रहे।

## 14 मई से प्रारंभ होगा विद्युत विभाग का उपभोक्ता संपर्क अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 मई 2026 से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 का शुभारंभ किया जा रहा है। 12 माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर, उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। शिविरों के दौरान शिकायतों का तत्काल निराकरण भी किया जाएगा। उपभोक्ता संपर्क अभियान के माध्यम से मात्र 05 रु. में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन प्रदान किये जाएगे। साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थाई कनेक्शन, ई-केवाईसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायते, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की सुविधाएं मिलेंगी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक/नाजरात/I/989902/2026 — नर्मदापुरम दिनांक 05-05-2026

**//विज्ञप्ति//**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कार्यालय का शासकीय अनुपयोगी शासकीय वाहन की नीलामी हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट https:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आईडी (जावक क्रमांक दिनांक | वाहन का पंजीयन क्रमांक एवं निर्माण वर्ष | निविदा प्रपत्र का मूल्य(राशि रू. में) | अमानत राशि रूपये में | आफसेट प्राईज राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | जिला कार्यालय का शासकीय अनुपयोगी वाहन एम.पी.02 आर.डी.0516 बोलेरो वाहन (माडल वर्ष 2012) नीलाम किये जाने संबंधी निविदा | 1000/- | 12,000/- | 1,20,000/- |

निविदा का फार्म शर्ते दिनांक 07.05.2026 से दिनांक 03.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक जिला कार्यालय (नाजरात शाखा) में कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिन छोडकर) उपस्थित होकर प्राप्त व जमा की जा सकेगी।

**कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित** — **अपर कलेक्टर जिला-नर्मदापुरम**

**जी/12638/26**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें



**संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश भोपाल**

पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल म.प्र.-462016

E-mail : mptownplan@mp.gov.in

क्रमांक/I/506026/2026/वि.यो./2026 — भोपाल, दिनांक 30/04/2025

**पिपरिया विकास योजना, 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि पिपरिया विकास योजना, 2021 में उपांतरण का प्रारूप म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा-23 की उपधारा (2) सहपठित धारा-18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है, जिसकी प्रति निरीक्षण के लिये निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है :-

1. आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम, म.प्र.
2. कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम म.प्र.
3. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पिपरिया, म.प्र.
4. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय नर्मदापुरम, म.प्र.

**"उपांतरण का विवरण"**

पिपरिया विकास योजना, 2021 के अध्याय-5 की कंडिका 5.3.1 मार्गो का श्रेणीक्रम की उप कंडिका (ग) स्थानीय मार्ग की सारणी क्रमांक-5-सा-1 के सरल क्रमांक-1 एवं 2 को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है :-

5-सा-1

| क्र. | मार्ग का नाम | वर्तमान चौड़ाई (मीटर) | प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | राजमार्ग क्रमांक-22 | 24.00 | 60.00 (नगर पालिका सीमा के बाहर 72.00 मी.) |
| 2 | राजमार्ग क्रमांक-19 | 24.00 | 60.00 (नगर पालिका सीमा के बाहर 72.00 मी.) |

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समयावधि के लिये आम जनता के निरीक्षण हेतु www.mptown-plan.gov.in बेवसाईट पर भी उपलब्ध होंगे, यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तावित उपांतरण के संबंध में हो तो उसे लिखित रूप में उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, नर्मदापुरम को इस सूचना के म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान हाोने के पूर्व, सम्यक विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है।

**जी/12718/26**

**आयुक्त सह-संचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश,**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*